Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com
आपकी आवाज के साथ....
RAJHIN/2012/43137
HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज
हिन्दुस्तान पत्रिका
जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित
www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, सोमवार 07 अप्रैल, 2025 | वर्षः 2 | अंकः 158 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.

जयपुर पुलिस कमिश्नर जनसुनवाई करेंगे

## सात जगह के लोगों की परेशानियां सुनेंगे, समस्या का तुरंत निस्तारण करेंगे

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ 10 अप्रैल को जामडोली थाने में जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान जयसिंहपुरा खोर, गलता गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, खोह नागोरियान, जामडोली, कानोता, बस्सी क्षेत्र के लोग अपनी परेशानी लेकर पुलिस कमिश्नर से रूबरू हो सकते हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के सीनियर अधिकारी 10 अप्रैल को दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक जामडोली में जनसुनवाई करेंगे।

जनसुनवाई के दौरान एडिशनल पुलिस कमिश्नर क्राइम कुंवर राष्ट्रदीप, डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम, डीसीपी नॉर्थ राशि डूडी सहित संबंधित एडिशनल डीसीपी ईस्ट और नॉर्थ के साथ-साथ सभी एसीपी और सीआई इस दौरान जनसुनवाई के दौरान मौजूद रहेंगे। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के लोगों की परेशानी का तुरंत निस्तारण करना है, जिससे की लोगों को राहत मिले।

इन थानों में हो चुकी जनसुनवाई

इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर ने शिप्रापथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधरनगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रतापनगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम), मुहाना (जयपुर दक्षिण), आमेर (जयपुर उत्तर) एवं महेशनगर (जयपुर दक्षिण) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों को सुना था।

राजस्थान के 14 जिलों में आज हीटवेव की चेतावनी

## पारा 45 डिग्री के पार, 26 साल बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में इतना ज्यादा तापमान

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। कल (रविवार) बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले सप्ताह में इतना तापमान कभी दर्ज नहीं हुआ। आज (सोमवार) भी 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। इस गर्मी से अगले दो-तीन दिन फिलहाल कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। उधर, हेल्थ सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों ने अचानक बढ़ी गर्मी को देखते हुए आमजन को बचाव करने और हाइड्रेट रहने की सलाह दी है।

### बाड़मेर सबसे ज्यादा गर्म शहर

सबसे ज्यादा गर्म दिन कल बाड़मेर में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ये साल 1998 के बाद बाड़मेर में अप्रैल माह के पहले सप्ताह का सर्वाधिक तापमान रहा। इससे पहले 3 अप्रैल 1998 में बाड़मेर में 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। भीषण गर्मी के कारण कल बाड़मेर, जैसलमेर में हालात खराब रहे। जैसलमेर में भी कल अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दोनों ही शहरों में कल दिन में लू चली। बाड़मेर में दिन ही नहीं बल्कि रात में भी गर्मी तेज रही। यहां कल रात का न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो औसत से 6.4 डिग्री ऊपर दर्ज हुआ।

### 21 शहरों में पारा 40 पर पहुंचा

बाड़मेर, जैसलमेर के अलावा जोधपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर, जालोर, चित्तौड़गढ़ समेत 21 शहरों में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में तेज गर्मी के कारण लोगों की सड़कों पर आवाजाही भी कम रही। अजमेर में कल अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस, भीलवाड़ा, वनस्थली



(टोंक) में 41.6, पिलानी में 41, कोटा में 42.4, उदयपुर में 40.9, चित्तौड़गढ़ में 43.2, जोधपुर में 43, बीकानेर में 43.3, चूरू में 42.4, श्रीगंगानगर में 41.7, जालोर में 42, पाली में 41.2, सिरोही, बारां में 40, फतेहपुर में 40.3 और डूंगरपुर में 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### आज 14 शहरों में हीटवेव का येलो अलर्ट

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आज 14 जिलों (जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, चूरू, झुंझुनूं, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़) में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। 8 अप्रैल को बाड़मेर, जालोर, चित्तौड़गढ़ और कोटा में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट, जबकि भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ़, गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, पाली, नागौर, टोंक, बूंदी, भीलवाड़ा, बारां और बांसवाड़ा जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। 9 अप्रैल को जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, चित्तौड़गढ़ और कोटा में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट, जबकि भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ़, गंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, पाली, नागौर, टोंक, बूंदी, भीलवाड़ा, बारां, झालावाड़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। 10 अप्रैल को जैसलमेर, जालोर, चित्तौड़गढ़ कोटा, भरतपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर, जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ़, गंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, पाली, नागौर, टोंक, बूंदी, भीलवाड़ा, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

बालनाथ आश्रम पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री, महायज्ञ की महापूर्णाहुति में लिया भाग

## ऐसा प्रयास आज तक नहीं देखा : शाह

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के कोटपूतली में 108 कुण्डीय रुद्र महा मृत्युंजय महायज्ञ की महापूर्णाहुति एवं सनातन सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा बस्ती नाथ ने लगातार एक साल तक समाज के हर वर्ग को जोड़कर इस सनातन महायज्ञ का एक महान प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि यहीं पर एक वर्ष पहले 108 कुंडीय महा मृत्युंजय महायज्ञ शुरू हुआ और आज इसका समापन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली रामनवमी से इस वर्ष रामनवमी तक हर पांच दिन में समाज के हर हिस्से से एक जोड़े ने पवित्र भाव के साथ 108 कुंडीय यज्ञ पर बैठकर प्रकृति के संरक्षण, सनातन के प्रचार और अपनी आत्मा की शुद्धि के लिए यहां यज्ञ किया है। शाह ने कहा कि समाज को जोड़ने, व्यक्तियों को धर्ममय बनाने और पर्यावरण की सेवा करने वाला ऐसा प्रयास आज तक नहीं देखा है।



### 'भक्तों ने किया व्यसनों का त्याग'

उन्होंने कहा कि इस आश्रम में बाबा बालनाथ की प्रेरणा से 16 साल से लगातार यज्ञ का आयोजन बाबा बस्तीनाथ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनेक भक्तों ने यहां आकर कई प्रकार के व्यसनों का त्याग किया, नशामुक्ति की प्रतिज्ञा की, सामाजिक समरसता का प्रतीक बने और बाबा बालनाथ की समाधि को और ऊर्जा और शक्ति प्रदान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस अखंड धूणी को एक महासिद्ध योगी ने शुरू किया और बाबा बस्तीनाथ इसे आगे बढ़ा रहे हैं।

### 'निराश लोगों को चेतना मिली'

उन्होंने कहा कि भारत में अनेक संत, महापुरुष, ऋषि, मुनि रहे हैं और बाबा बालनाथ भी ऐसे एक महायोगी थे, जिन्होंने इसी भूमि पर जन्म लेकर देश-विदेश में 84 धूणियों की स्थापना कर अपने पूरे जीवन को धर्ममय बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि मानव योनि के 84 चक्रों से मुक्ति प्राप्त कर जब उन्होंने समाधि ली तब यह स्थान उनके तप से बेहद ऊर्जावान हो गया। शाह ने कहा कि यहां कई हताश मन और जीवन को आशा मिली है, निराश लोगों को चेतना मिली है, बेसहारा लोगों को धर्म का सहारा मिला है और बेजुबान जीवों पर दया के माध्यम से जीवन आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज बाबा बालनाथ के सत्य और तपस्या में विश्वास रखने, वैराग्य और सेवा को जीवन का आधार बनाने, प्राकृतिक जीवन जीने और पशु-पक्षियों की सेवा करने के सिद्धांतों को बाबा बस्तीनाथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बस्तीनाथ ने भी अपने गुरु की तरह ही लोकधर्म, लोककल्याण, सनातन धर्म, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता के लिए अनेक प्रकार के प्रकल्प हाथ में लेकर उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि महाप्रभु आदिनाथ से लेकर नौ गुरुओं और उनके बाद ऊर्जा के अनेक वाहकों के माध्यम से सनातन धर्म को नाथ संप्रदाय ने शक्ति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के सभी तत्वों को मिलाकर आत्मज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नाथ संप्रदाय में धूणी को माना गया है।

## रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक हुआ



### अभिजीत मुहूर्त में ललाट पर 4 मिनट पड़ीं किरणें, 2 लाख दीयों से जगमगाई अयोध्या

राजस्थान की राजनीति

**अयोध्या।** रामनवमी पर अयोध्या में रामलला का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्म के बाद उनका अभिषेक किया गया। रविवार दोपहर करीब 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य अभिषेक हुआ। करीब 4 मिनट रामलला के मस्तक पर सूर्य किरणें पड़ीं। सूर्य तिलक के बाद रामलला की आरती की गई। सूर्य तिलक से पहले कुछ देर के लिए रामलला के पट बंद कर दिए गए और गर्भगृह की लाइट बंद कर दी गई। शाम करीब साढ़े 6 बजे सरयू घाट पर दीपोत्सव हुआ। ऐसा तीसरी बार है, जब अयोध्या में रामनवमी पर दीपोत्सव किया गया। इस बार पर्यटन विभाग ने 2 लाख दीप जलाए। अयोध्या में करीब 5 लाख श्रद्धालु मौजूद रहे। राम जन्मभूमि परिसर में लंबी लाइनें लगी। राम मंदिर के बाहर एक किमी लंबी लाइन लगी रही। इससे पहले, सुबह 9.30 बजे रामलला को पंचामृत से स्नान कराकर श्रृंगार किया गया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर हाउसफुल जैसे हालात हैं। गर्मी को देखते हुए राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और राम जन्मभूमि पथ पर श्रद्धालुओं के लिए रेड कारपेट बिछाई गई है। ड्रोन से श्रद्धालुओं पर सरयू जल छिड़का गया।

## पीएम ने किया रामेश्वरम में नए पम्बन ब्रिज का उद्घाटन

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवंबर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन कार्यक्रम में नहीं आए।

ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ही नवंबर 2019 में इसकी नींव रखी थी। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है।

स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी।

रामायण के अनुसार, रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

### एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज 5 मिनट में 22 मीटर ऊपर उठेगा



### 5 मिनट में ऊपर उठ जाता है ब्रिज

नया पम्बन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। वहीं, पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिए मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी।

## किसान नेता डल्लेवाल का अनशन 131 दिन बाद खत्म



राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन बाद आमरण अनशन खत्म कर दिया है। रविवार को फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में किसान महापंचायत में उन्होंने इसका ऐलान किया। एक दिन पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील करते हुए कहा था कि 4 मई को किसानों से चंडीगढ़ में मीटिंग करेंगे।

महापंचायत में डल्लेवाल ने कहा, अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए आप सरकार ने आंदोलन खत्म कराया। किसानों की मांग पर आमरण अनशन खत्म किया है। काफी समय से किसान मुझसे अनशन तोड़ने की अपील कर रहे थे। डल्लेवाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अन्य मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 को अनशन शुरू किया था। 19 मार्च को पंजाब पुलिस ने जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर समेत अन्य किसानों को हिरासत में लेकर खनौरी और शंभू बॉर्डर खाली करा लिए थे। पुलिस ने डल्लेवाल को पटियाला के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। 3 अप्रैल को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली थी।

### आंदोलन दोबारा शुरू नहीं करेंगे

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा, आंदोलन जारी है। दोबारा शुरू नहीं करने जा रहे। अभी पता नहीं फ्यूचर में क्या होगा। किसी भी जत्थेबंदी के साथ कोई लड़ाई नहीं है। विचार का सवाल है। कुछ विचारों को लेकर हम एकजुट हैं। कुछ मुद्दों पर अलग-अलग हैं।

## प्रचंड प्रहार : बाड़मेर में पारा पहुंचा 45.6 डिग्री के पार

### गर्मी ने 27 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा

राजस्थान की राजनीति

**बाड़मेर।** पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर जिले में गर्मी का रूद्र रूप देखने को मिल रहा है। रविवार को थार नगरी बाड़मेर में रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज किया गया। 1998 के बाद पहली बार अप्रैल के पहले सप्ताह में पर 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रविवार को गर्मी के चलते लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ीं।

रेगिस्तानी इलाके बाड़मेर में रविवार को 27 सालो का रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का तपमान दर्ज किया गया। अप्रैल के पहले सप्ताह में मई जून जैसी गर्मी का एहसास हो रहा है। रविवार को बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.8 डिग्री अधिक है। इस भीषण गर्मी ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है।

वहीं, जरूरी कामकाज के चलते बाहर निकलने वालों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार रविवार को बाड़मेर में अप्रैल के पहले सप्ताह में रिकॉर्ड तोड़ अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि औसत से 6.8 डिग्री ऊपर है।

## बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस में लगी आग



**उज्जैन।** उज्जैन के पास तराना में रविवार शाम बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस (20846) ट्रेन में आग लग गई। आग ट्रेन के एसएलआर (जनरेटर डिब्बे) में लगी। धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के बाद का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें कुछ लोग कोच के कांच फोड़ कर और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि कुछ देर बाद आग वाले कोच को अलग कर गाड़ी को रवाना कर दिया गया। तराना रोड स्टेशन मास्टर ने बताया कि आग बुझा ली गई है। किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

भाजपा स्थापना दिवसः मुख्यमंत्री भजनलाल और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी कार्यालय में फहराया झंडा

## मिथक तोड़ सरकार रिपीट करवायेंगे : राठौड़

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, जहां प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का ध्वज फहराया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और वहां लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ। प्रेमचंद बैरवा, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर



कुसुम यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विकसित राजस्थान का संकल्प

इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर हर कार्यकर्ता ने विकसित राजस्थान बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कार्यकर्ताओं ने बैठक कर सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके बाद घर-घर जाकर पार्टी का झंडा लगाया गया और जनता को सरकार की नीतियों व योजनाओं की जानकारी दी गई।

### जनता काम करने वालों को दे मौका

राठौड़ ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार अच्छा काम कर रही है। जनता से भी यही अपेक्षा है कि वह अच्छे काम करने वालों को ही दोबारा मौका दे। बजट की घोषणाएं समय पर पूरी हों, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पार्टी और सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि बजट का लाभ आम जनता तक पहुंचे। उन्होंने विश्वास जताया कि अपने कार्यों के बल पर भाजपा पांच साल भाजपा-पांच साल कांग्रेस की परंपरा को तोड़ेगी और अगले चुनाव में पुनः सरकार बनाएगी।

### कांग्रेस पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और देश व प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। वहीं, कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह एक परिवारवादी पार्टी है जो सत्ता का दुरुपयोग करती है। जबकि भाजपा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' के मंत्र को ध्येय वाक्य बनाकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। भाजपा के कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं।

# नदबई में तीन दिवसीय रथ मेला समारोह का शुभारम्भ

## रथ मेला कमेटी सदस्यों ने पूजा अर्चना कर निकाली श्रीराम की झांकी



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** रामनवमी पर रथ मेला कमेटी सदस्यों ने विधिवत पूजा अर्चना कर तीन दिवसीय रथ मेला समारोह का शुभारम्भ किया। जिसके चलते मुख्य बाजार में बैण्ड-बाजे के बीच भगवान श्रीराम की भव्य झांकी निकाली गई। इससे पहले रथ मेला कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द बिंदल सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने विधिवत पूजा अर्चना की। बाद में बैण्ड-बाजे के बीच मुख्य बाजार में झांकी निकाली गई। कमेटी अध्यक्ष गोविन्द बिंदल ने मंगलवार को मुख्य शोभायात्रा व देर शाम भजन जिकडी दंगल होने के बारे में बताया। इस दौरान उपाध्यक्ष राजू मारवाड व अजय सैन, महामंत्री अजय सौनी, कोषाध्यक्ष राधेलाल गोयल, प्रचार मंत्री केहरी सिंह, चैयरमेन प्रतिनिधी दिलीप सिनसिनवार, पार्षद संजय रौतवार, रवि कटारा आदि मौजूद रहे।

# नदबई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

## शहर मंडल कार्यालय पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** नदबई शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को अलग-अलग तरीके से पार्टी स्थापना दिवस मनाया। शहर मंडल मुख्यालय पर अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। वही, पार्टी की नीतियों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुटता का मंत्र दिया। इस दौरान सह-संयोजक हरीशंकर उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष धर्मेन्द्र भातरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष बालमुकन्द बिहारिया मौजूद रहे। गांव ऐचेंरा में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विश्वेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को लाभान्वित होने के लिए जागरुक किया। संयोजक शेरसिंह ढाडीवाला व सतीश बंसल ने 15 अप्रेल तक आयोजित कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी। इस दौरान उपाध्यक्ष गिर्राज सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बृजेश कुमार मौजूद रहे। जबकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में दुकानों पर पार्टी झण्डा लगाते हुए पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। वही, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए चिन्हित व्यक्तियों को लाभान्वित होने का आह्वान किया। इस दौरान मुकेश अग्रवाल, लक्ष्मनप्रसाद उपाध्याय, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे। राजमार्ग पर डहरामोड स्थित कार्यालय पर डहरा मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में झण्डारोहण करते हुए कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान संयोजक कौशलपल राजावत, दिनेश भातरा, जगमोहन कटारा, नरेन्द्र प्रताप लखनपुर आदि मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्रा अष्टमी पर जगह-जगह मंदिरों में सजाई माता की झांकियां

## मां दुर्गा की झांकियां ने मोहा मन

राजस्थान की राजनीति



**नदबई।** शहर में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी का पर्व इस बार अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। श्री राम मंदिर, पंजाबी कॉलोनी के तत्वावधान में आयोजित भव्य शोभायात्रा, भजन संध्या और आकर्षक झांकियों ने समूचे शहर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया। पंडित घनश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि पर श्री राम मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। प्रतिदिन मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की सुंदर झांकियां सजाई गई, जिनका दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अष्टमी के दिन आयोजित शोभायात्रा का विशेष महत्व रहा। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर पंजाबी कॉलोनी क्षेत्र में विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान सजी-धजी झांकियों ने भक्तों को देवी के विविध स्वरूपों की झलक दिखाई। देवी स्वरूप, भक्तों की टोली, हाथों में ढोलक मंजीरे से वातावरण में गूंजते ÷जय माता दी÷ और ÷मैया रानी की जय÷ के जयकारों ने माहौल को अत्यंत पावन बना दिया। रात्रि को आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में महिला मंडली द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन ÷मैया के दरबार में जो आया, उसने सुख पाया÷ जैसे गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने समस्त वातावरण को संगीतमय बना दिया।

### अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट और नेचुरल क्लाइमेट सोल्यूशन पर हुई विशेष कार्यशाला

# रिटायर्ड पीसीसीएफ डॉ. डीएन पाण्डे बोले- अरावली हमारा सुनहरा भविष्य, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता इकोसिस्टम को बचाने की है

राजस्थान की राजनीति



**उदयपुर।** राजस्थान के रिटायर्ड पीसीसीएफ और वरिष्ठ पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. डीएन पाण्डे ने कहा है कि जैव विविधता से समृद्ध राजस्थान के लिए अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट हमारे सुखद भविष्य की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस पर राज्य सरकार भी संवेदनशील है और प्रकृति और प्राकृतिक तंत्रों के संरक्षण की बड़ी शुरूआत है। प्रोजेक्ट में पौधरोपण के साथ हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता इकोसिस्टम को बचाने की हो ताकि और बदतर स्थितियां पैदा न होने पाए।

डॉ. पाण्डे उदयपुर के अरण्य भवन सभागार में ग्रीन पीपल सोसायटी और वन विभाग राजस्थान के तत्वाधान में आयोजित हुई अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट और नेचुरल क्लाइमेट सॉल्यूशन पर हुई विशेष कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इस प्रोजेक्ट के विविध बिंदुओं के साथ-साथ राजस्थान की अन्य राज्यों की तुलना में स्थिति, दक्षिण राजस्थान की समृद्ध जैव विविधता, इस जैव विविधता को बचाने के लिए चुनौतियां और हमारे दायित्वों के बारे में चर्चा की। इसके साथ ही नेचुरल क्लाइमेट सॉल्यूशन पर मौजूद विशेषज्ञों के साथ विचार-मंथन किया। उन्होंने इस संपूर्ण कार्य में सरकार के साथ-साथ राजस्थान के हर एक व्यक्ति का दायित्व होने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि देश के 6.6 लाख गांवों में 15 लाख से अधिक तालाब हैं जो हमारे इको सिस्टम को जीवनदान दे रहे हैं। उन्होंने नेचुरल क्लाइमेट सोल्युशन की दृष्टि से इन जल स्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता भी प्रतिपादित की।

आरंभ में ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड सीसीएफ राहुल भटनागर ने मुख्य वक्ता डॉ. पांडे का स्वागत किया और सोसायटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर सोसायटी उपाध्यक्ष व रिटायर्ड आईएएस विक्रमसिंह सहित सोसायटी सदस्य और संभागियों ने विविध विषयों पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन सचिव व रिटायर्ड एसीएफ डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने किया जबकि आभार प्रदर्शन की रस्म शरद श्रीवास्तव ने अदा की।

## अफ्रीका की 'ग्रेट ग्रीन वॉल' परियोजना से प्रेरित है अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट

डॉ. पाण्डे ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय का अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट अफ्रीका की 'ग्रेट ग्रीन वॉल' परियोजना से प्रेरित है। इसका उद्देश्य उन पहाड़ियों पर हरित आवरण को बहाल करना है जो थार से दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत तक रेगिस्तान जैसी स्थितियों के विस्तार को रोकने वाली एकमात्र बाधा है। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य वर्ष 2027 तक चार राज्यों हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में लगभग 1.15 मिलियन हेक्टेयर वनों को बहाल करना है।

## आरामपुरा जंगल जैसा नया जंगल विकसित करने में लगेंगे 1 हजार साल

डॉ. पांडे ने दक्षिण राजस्थान में वन संरक्षण की संस्कृति के तथ्य को उजागर किया और संतुष्टि जताई और कहा कि हमारे प्रतापगढ़ में आरामपुरा क्षेत्र जैसे सघन जंगल को अगर खत्म करना है तो कुछ ही साल लगेंगे परंतु इस प्रकार को जंगल को नए सिरे से तैयार करना हो तो कम से कम एक हजार साल लगेंगे। उन्होंने मौजूद पर्यावरणप्रेमियों और विशेषज्ञों से आह्वान किया कि आने वाली पीढ़ी के स्वर्णिम भविष्य के लिए उपलब्ध जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में प्रयास करना बेहद जरूरी है।

## राजस्थान की सबसे क्लिन लेक है 'बड़ी झील'

डॉ. पांडे ने कहा कि झीलों के शहर में स्थित बड़ी झील राजस्थान की सबसे क्लीन लेक है क्योंकि इसके चारों तरफ जंगल है और इसमें किसी प्रकार का सीवरेज नहीं आ रहा। उन्होंने चिंता जताई कि इसके आसपास होटल्स का निर्माण हो रहा है और यदि इसमें सीवरेज आया तो इसका विनाश कोई न रोक पायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अर्बन फॉरेस्ट का संरक्षण-संवर्धन जरूरी है क्योंकि अर्बन फॉरेस्ट के बिना कोई भी सिटी स्मार्ट सिटी नहीं बन सकती।

## इन विषयों पर भी डाला प्रकाश

डॉ. पांडे ने विविध तथ्यों को उद्घाटित करते हुए बताया कि भारत वृक्ष प्रजातियों के लिए कई खतरों का हॉटस्पॉट है और इस प्रकार कार्बन, जैव विविधता और आजीविका खतरे में हैं। उन्होंने बताया कि भारत में, 2010-2011 में मैप किए गए बड़े पेड़ों में से लगभग 11 प्रतिशत 2018 तक गायब हो गए थे। इसके अलावा, 2018-2022 की अवधि के दौरान, 5 मिलियन से अधिक बड़े खेत के पेड़ भी गायब हो गए हैं। उन्होंने बताया कि नेचुरल क्लाइमेट सोल्यूशन की दृष्टि से राजस्थान 10 टॉप राज्यों में आता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में घास मैदानों की वनस्पति की दृष्टि से देखें तो 188 वंश की 375 प्रजातियां विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सबसे ज्यादा क्रॉप लैंड्स और ग्रास लैंड्स में संभावनाएं हैं परंतु लेंटाना और जुलिफ्लोरा हमारे लिए बड़ी चुनौती है।

# माता धौलागढ़ बचाओ संघर्ष समिति ने भेजा सीएम को पत्र

## मन्दिर के विकास को दिए सुझाव

राजस्थान की राजनीति



**भुसावर।** माता धौलागढ़ बचाओ संघर्ष समिति की बैठक भुसावर स्थित मनु वाली धर्मशाला पर हुई ,जिसकी अध्यक्षता संघर्ष समिति के अध्यक्ष मोहनसिंह जाट ने की ।जिसमें माता धौलागढ़ मन्दिर के विकास, भक्तों को आधुनिक युग की सुविधाए, रिसीवर नियुक्त एव सीसीटीवी कैमरा आदि पर चर्चा हुई और साथ ही मन्दिर विकास तथा आधुनिक निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा जाने का निर्णय लिया। समिति ने पत्र भेज कर मुख्यमंत्री को सुझाव दिए। संघर्ष समिति अध्यक्ष मोहनसिंह जाट ने पत्र में लिखा है कि पूर्वी राजस्थान के अलवर जिला की ग्राम पंचायत वहतूकला में करीब 700 साल पुराना माता धौलागढ का मन्दिर है और ये अलवर, भरतपुर, मथुरा, आगरा, जयपुर, अहमदाबाद,बडौदा,दिल्ली, दौसा आदि स्थान के लाखों भक्त व श्रद्वालुओं का आस्था का केन्द्र है। यहां के लोगों के द्वारा चढावा चढाया जाता है। चढावा में प्रतिसाल 4 से 5 हजार साडियां आती है,जिनकी कीमत प्रति साडी करीब 400 से 1000 रू0 तक है। श्रद्वालुओं के द्वारा अखण्ड ज्योत को सालभर में करीब दो टन देशी घी आता है और चांदी के सिक्के,छत्र,आभूषण आदि चढाया जाता है,जिसका वजन करीब 15 से 20 किलोग्राम होता है। आज तक इनका लेखाजोखा किसी के पास नही है। इनके अलावा प्रतिसाल 50 से 60 लाख रू0 नगदी भी चढावा आता है। जो कि दानपेटी में न जाकर मन्दिर के पुजारियों की जेब में चला जाता है। सरकार,पुजारी और ग्राम पंचायत बहतूकला आदि की तय शर्त के अनुससार दानपेटी में आए चढावा का 85 प्रतिशत देव स्थान विभाग के खजाना में जाता है तथा शेष 15 प्रतिशत मन्दिर की पूजा करने वाले पुजारियों को मिलता है। मन्दिर के चढावा की रसीद भी किसी को नही मिलती है,रसीद न मिलना और दानपेटी के स्थान पर स्वय के पास चढावा रखना गैरकानूनी एवं भक्त की आस्था के प्रति खिलाफ है, अविश्वसनीय है। नगदी,आभूषण व अन्य चढावा का लेखाजोखा अवश्य रखना चाहिए,जो नही रखा जाता है। जब कि ये मन्दिर देवस्थान विभाग एवं प्रशासन के संरक्षण में है,लेकिन देवस्थान विभाग एवं प्रशासन का कोई भी रिसीवर और अधिकारी-कर्मचारी नही लगा हुआ है। सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे हुए हैं। और दानपेटी को कपडा से छुपाया रखा जाता है। पता चला है कि देवस्थान विभाग के पास भी चढावा का लेखाजोखा नही है और उनके द्वारा मेला एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम के अवसर पर विभाग का कर्मचारी नही लगाया जाता है। सरकार द्वारा राजस्थान के प्राचीन मन्दिर,ऐतिहासिक स्थल व प्राचीन धरोहरों को बढावा देने तथा पर्यटन की भावना को देखते हुए चहुमुखी विकास कराया जा रहा है। राज्य के अधिकाशं मन्दिरों का जार्णोद्वार,नवीनीकरण,सौन्दरीकरण आदि ध्यान दिया जा रहा है और वजट भी दिया जा रहा है। साथ ही जनसहयोग लिया जा रहा है। जिससे श्रद्वालु और पर्यटकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाए मिल सके,यात्री माता धौलागढ के दर्शन करने आते है,जो चढावा का सही उपयोग नही होता तथा उक्त मन्दिर का विकास नही होता देख स्वयं को ठगा महसूस करते है। भक्त की भावना है कि देवस्थान विभाग एवं प्रशासन की तरफ से मन्दिर पर रिसीवर नियुक्त किया जाए,ताकि भक्तों का चढावा दानपेटी में डाला जा सके और चढावा की रसीद मिल सके। साथ ही मन्दिर का विकास हो सके। यदि सरकार और प्रशासन इस ओर ध्यान देवें,तो माता धौलागढ मन्दिर का विकास ही नही ये मन्दिर विश्व के बडे मन्दिरों की सूची में शामिल हो जाएेगा और ये मन्दिर तीर्थ व पर्यटन स्थन बना जाएेगा। मन्दिर के विकास से गांव बहतूकला और पडौसी गांवों का चहुमुखी विकास होगा,साथ ही क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा। पत्र के माध्यम से भक्त व क्षेत्र के लोगों की भावनाओ को देखते हुए सुझाव दिए जा रहे हैं। खेरलीगंज से बहतूकला,लक्ष्मणगढ से बहतूकला,कठूमर से बहतूकला सडक मार्ग का नवीनीकरण हो और समय-समय पर सडक की मरम्मत हो,साथ से मार्ग 21 मीटर चैडा बने,साथ ही सडक के किनारे छायादार पौधे लगे। जिससे सडक किनारे हरियाली कायम रहे और लोगों को छाया प्राप्त हो सके।खेडलीगंज से बहतूकला सडक मार्ग पर गांव नाटोज आता है,जहां आबादी क्षेत्र से वाहन गुजरते है,जिससे हरवक्त जाम लगा नजर आता है। मेले के समय लम्बा जाम लग जाता है,जो कई घन्टे तक लगा रहता है। साथ गांव के लोगों को भी जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।गांव नाटोज पर वाईपास का निर्माण हो।माता धौलागढ एवं गांव बहतूकला सहित पडौसी गांवों के लोगों को मीठा पेयजल उपलब्ध हो सके। गांव वहतूकला और मन्दिर पर करीब 4 से 6 किमी दूर से टेंकरों से पैसा देकर पीने का पानी आता है। सरकार के द्वारा प्रत्येक गांव में घर-घर पीने का मीठा पानी उपलब्ध कराने को जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य हो रहे है,लेकिन गांव बहतूकला और मन्दिर के श्रद्वालुओं को आज तक मीठा पानी नही मिला। सरकार को उक्त योजना से मन्दिर को जोडना चाहिए,जिससे लोगों को पेयजल मिलद सके।देश-विदेश में माता धौलागढ के भक्त रहते है,जिनमें राजस्थान के प्रवासी अधिक है,जो माता धौलागढ मन्दिर का विकास कराना चाहते है,लेकिन मन्दिर के पुजारी उनके चढावा और सहयोग को स्वय लेना चाहते है,जो गलत है। यदि ये मन्दिर देवस्थान विभाग के अधीन हो जाए या सरकार राजस्थान प्रवासी लोगों का सहयोग करे,तो मन्दिर का विकास हो जाएेगा और क्षेत्र का विकास होगा,लोगों को रोजगार प्राप्त होगें। माता धौलागढ मन्दिर पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाये, जिससे देवस्थान विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कैमरों के माध्यम से मंदिर की हालत से और चढ़ावा से अवगत होते रहे।दानपेटी में चढावा चढवाया जाये,देवस्थान विभाग का रिसीवर नियुक्त हो,प्रशासन अपना कर्मचारी लगाए। प्रत्येक माह या साल में चार बार चढावा का लेखाजोखा की जांच हो,चढावा की रसीद मिले आदि

# भाजपा ने स्थापना दिवस पर फहराया ध्वज



राजस्थान की राजनीति

**विष्णु आशीर्वाद/दौसा।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के 46वे स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा एवं भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम संयोजक रवि पालीवाल के नेतृत्व में दौसा जिले के 27 मंडलों के लगभग 1000 से अधिक बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का घर घर झंडे एवं कार्यक्रम आयोजित हुआ। दौसा जिला मुख्यालय पर निजी शिक्षण संस्थान पर कार्यकर्ता एकत्रित होकर भाजपा स्थापना दिवस मनाया व पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय भारत माता के चित्र पर माला अर्पित कर भाजपा स्थापना दिवस मनाया। ईस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी कि रीति निती और राष्ट्र के निर्माण में भाजपा सम्पूर्ण देश व प्रदेश में हर व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रही है, भाजपा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापना हुई और अंत्योदय के सिद्धांत , पंच निष्ठा व सेवा ही संघठन के मंत्र पर सदैव अग्रसर रहने वाली कार्यकर्ताओं , स्वयं से पहले राष्ट्र ऐसे अनेक भाजपा पार्टी के विचारों व बिंदुओं पर प्रकाश डाला। ईस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिला कांग्रेस की प्ररदेश अध्यक्ष दौसा में आज

राजस्थान की राजनीति

**विष्णु आशीर्वाद/दौसा।** राजस्थान महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह का दौसा आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी दौसा महिला की ओर से 7 अप्रैल को दोपहर 12ः00 बजे चौधरी धर्मशाला में भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही दौसा विधायक डीसी बैरवा का भी जिला महिला कांग्रेस की ओर से स्वागत किया जाएगा। जिसमें जिले की सभी महिला कांग्रेस की सदस्य भाग लेगी।

# दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो युवक घायल

## गंभीर हालत में एक युवक को भरतपुर किया रेफर

## दोनों युवक बाइक पर थे सवार



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से नदबई के राजकीय जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर घायल को भरतपुर रेफर कर दिया गया। पहला हादसा पिपरऊ सड़क मार्ग पर हुआ, जहां गांव बरौलीरान निवासी संजय (30) बाइक से गांव जा रहा था। उसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि संजय सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने संजय को सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देख तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस कर्मी रामकुमार चौधरी और ईएमटी पवन चौधरी मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए राजकीय जिला अस्पताल नदबई लेकर आए। नर्सिंग स्टाफ के अनुसार, संजय के पैर में गंभीर चोट आई है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी। प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे भरतपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरा हादसा कासगंज निवासी अनिल पुत्र दीनदयाल के साथ घटित हुआ, जो बाइक से नदबई की ओर आ रहा था। रास्ते में अचानक बाइक के सामने एक कुत्ता आ गया, जिससे बाइक असंतुलित होकर फिसल गई और अनिल सड़क पर गिर पड़ा। घटना में अनिल को हाथों में गंभीर चोटें आई। उसे भी तत्काल 108 एंबुलेंस के जरिए नदबई के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया।

एसटीसी कोर्स में दाखिला दिलवाने के नाम पर ठगी

# तीन छात्रों से 2.18 लाख ठगे, रूपयों का तकादा करने झूठे केस में फंसने की दी धमकी




राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** थाना क्षेत्र से विशेष STC कोर्स में दाखिले के नाम पर तीन छात्रों से 2 लाख 18 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। जहां पीड़ित ने रविवार को नदबई थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार, बयाना उपखण्ड के गांव शेखपुर निवासी ओउमसिंह पुत्र सियाराम ने मामला दर्ज कराया है कि, महरमपुर थाना नदबई निवासी महेन्द्र पुत्र संतोष ने चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसाकर उसके बेटे सचिन और गांव के ही किशनसिंह के दो बेटों, आशीष और अविनाश, को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ स्थित मरमाखापुर टेउखर प्रगत्ति जन कल्याण इंटर कॉलेज में दो वर्षीय विशेष STC कोर्स में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। आरोपी महेन्द्र ने प्रति छात्र 73 हजार रुपए की मांग की और अलग-अलग तारीखों में नकद और ऑनलाइन माध्यम से कुल 2 लाख 18 हजार रुपए की राशि हड़प ली। पीड़ित का कहना है कि, आरोपी ने द्वितीय वर्ष की फीस जमा नहीं कराई, जिसकी अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 थी। जब इस विषय पर ओउमसिंह ने आरोपी महेन्द्र से बात की और फीस जमा करवाने की बात कही, तो महेन्द्र ने उसे अपशब्द कहे और मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित ने बताया कि, महेन्द्र ने खुलेआम धमकी दी कि यदि दोबारा पैसे की मांग की तो वह झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

नदबई में गर्म धूप व तेज हवा का कहर

# दिन का तापमान 39 डिग्री पहुंचा, बाजार की सूनी पड़ी सडके



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** रविवार को सूरज की तपिश और गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते दोपहर 12 बजे के बाद से ही शहर के मुख्य बाजारों, चौराहों और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। आम दिनों में चहल-पहल से भरे रहने वाले बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही नजर आए। दुकानदारों ने बताया कि ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है।

## रात में थोड़ा राहतभरा रहता है मौसम

हालांकि दिन भर की तपिश के बाद रात के समय तापमान में हल्की गिरावट आती है, जिससे कुछ हद तक राहत महसूस होती है। हवाओं में थोड़ी ठंडक रहती है, जिससे लोग घरों के बाहर टहलते और खुली जगहों में बैठते नजर आते हैं।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थानः दुनिया के विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान, गंभीर रोगों में आयुर्वेद के लाभों की मिलेगी जानकारी



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुरवासी गर्मी जनित रोग से बचाव व उपाय जान सकेंगे। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 11 अप्रैल से राष्ट्रीय आरोग्य मेले का शुभारंभ होने जा रहा है। चार दिन तक चलने वाले इस आरोग्य मेले में दुनिया भर के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से प्रायोजित व अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के तत्वावधान में राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री व आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा को आमंत्रित करने के लिए महासम्मेलन के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे भेंट की। इस दौरान बैरवा ने कार्यक्रम विवरणिका का विमोचन भी किया।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी- सत्येंद्र पाराशर

राजस्थान की राजनीति



**धौलपुर (दीपू वर्मा)।** भाजपा जिला कार्यालय धौलपुर पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर की अध्यक्षता में भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, सर्वप्रथम भाजपा के संस्थापक सदस्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता बिसंबर दयाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि धौलपुर भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण कुशवाह रहे, विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम के जिला संयोजक मुकेश हनुमानपुरा उपस्थित रहे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने बताया भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है , हम सबको बीजेपी जनसंघ के जो संस्थापक सदस्य हैं, उन सबसे प्रेरणा लेनी चाहिए हम सबको राष्ट्रप्रथम को मानते हुए आगे बढ़ना, मैं धौलपुर भाजपा के कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष में सभी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही सभी को रामनवमी की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं, मुख्य अतिथि शर्मा ने भाजपा के इतिहास विकास और पार्टी की रीति नीति के बारे में समस्त कार्यकर्ताओं को बताया, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरसिंह जादौन ने किया, अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम सहसंयोजक रामकुमार कुशवाह ने धन्यवाद ज्ञापित किया , कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट राजू गुर्जर ,भाजपा नेता महाराज सिंह चाहर , कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, जिला संयोजक सोशल मीडिया ऋतिक वर्मा, सहसंयोजक लोकेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विशाल सिंघल, मुस्ताक कुरैशी, मंडल महामंत्री अशोक पचौरी, फैजल खान, योगेश जादौन, विवेक रावत, रामकुमार गुर्जर, नवीन तिवारी, पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, दुर्गेश श्रीवास्तव, महावीर गर्ग, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह के सुंदरदास पैनोरमा में बिजली का बिल कितना आता है पूछते ही बिजली हुई गुल

राजस्थान की राजनीति



**विष्णु आशीर्वाद/दौसा।** देवनगरी दौसा में संत सुंदर दास महाराज की जयंती की पूर्व संध्या पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। संत सुंदर दास जन्मभूमि विकास संस्था दौसा एवं संत सुंदर पैनोरमा के तत्वाधान में दौसा के श्याम मंदिर से लेकर पैनोरमा तक बाइक रैली का आयोजन शनिवार को देर शाम किया गया । जिसमें महिलाएं पुरुषों ने बाइक रैली में भाग लिया। शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई बाइक रैली सुंदर दास पैनोरमा में पहुंची।

पैनोरमा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कवियों के द्वारा कविता पाठ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत रहे। साथ में जिला परिषद सीईओ नरेंद्र कुमार मीणा, लालसोट एडीएम मनमोहन मीणा, दोसा उपखंड अधिकारी मूलचंद लूनिया ने भी कार्यक्रम में शिरकत की । इस अवसर पर संत-सुंदर दास महाराज की छायाचित्र पर मालार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ हुआ। आयोजन के द्वारा संत सुंदर दास जी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि उनका साहित्य व दौसा की धरती में जो योगदान है उसको आमजन को बताया गया । इस अवसर पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा हमने महापुरुषों पर काम करने का विभाग बनाया अलग-अलग स्थान जो है विभाग बने हुए थे लेकिन महापुरुषों को छोड़कर। हमने फैसला किया कि पहला स्मारक बनाएंगे खानवा के युद्ध में जहां राणा सांगा ने बाबर का मुकाबला किया था हिंदुस्तान के सब लोगों ने मिलकर बाबर से युद्ध किया। बात इतनी सी है कि बाबर के पास तोफ़ थी बारूद थी गोला थी। हमारे पास बरछी थी तलवार थी भाला था उन तोपों के सामने और बंदूको के सामने। आज भी वहां छर्रे के निशान है। दुनिया का ओर हिंदुस्तान का पहला स्मारक खानवा में राणा सांगा का बनाया गया। इसके बारे में आप आजकल चर्चा सुनते रहते हैं इस पर मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी। ऐसे करते-करते सब पर काम किया अमर सिंह राठौड़, मीराबाई, तेजाजी, रामदेव जी , झाबरजी ,बापूजी,बप्पा रावल , बेणेश्वर धाम पर काम किया ,देवनारायण भगवान पर काम किया हमारा बस चला तो सरकार के 5 साल के कार्यकाल में मुझे अवसर मिला तो पैनोरमा और 10 स्मारक इन सब का निर्माण किया। रवींद्रनाथ ठाकुर से पूछा हिंदुस्तान के इतिहास के सबसे बड़े साहित्यकार हुए कवि हुए हैं लेखक हुए हैं उनमें से किसी का नाम गिनाओ उन्होंने सबसे ऊपर एक नंबर पर संत सुंदर दास जी का नाम बताया। उनके मुकाबले कोई लेखक साहित्य व नैतिकता के आधार पर लिखने वाला कोई कवि नहीं हुआ। लेकिन इस दौरान ही पैनोरमा के बिजली के बिल पर अध्यक्ष लखावत के बोलते ही इत्तेफाक से बिजली गुल हो गई। इस पर मौजूद लोगों ने ठहाके भी लगाए तो नाराजगी भी जाहिर की गई। हालांकि 5 से 7 मिनट बाद बिजली वापस आ गई ।जिससे फिर से कार्यक्रम विधिवत शुरू हो सका। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

प्रदेश में 5 प्रतिशत युवाओं में कोरोनरी हार्ट डिजीज

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कल सीएम करेंगे फिट राजस्थान अभियान की शुरूआत

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** वर्ल्ड हेल्थ डे कल (सोमवार) मनाया जाएगा। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की एक रिपोर्ट बताती है कि राजस्थान में 51 फीसदी यूथ ऐसे है जो कम से कम एक नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनडीसी) की चपेट में है। इस एनडीसी में पिछले कुछ समय से कोरोनरी हार्ट डिजीज के मामले युवाओं में तेजी से बढ़ने लगे हैं। इसे देखते हुए भजनलाल सरकार ने वर्ल्ड हेल्थ डे पर प्रदेश में एक विशेष अभियान फिट राजस्थान शुरू करने का निर्णय किया है। इस अभियान के जरिए इट राइट-इट हेल्दी-फिट राजस्थान का नारा दिया जाएगा। इस अभियान में संतुलित आहार के जरिए आमजन को स्वस्थ्य रहने की जानकारी देकर इसे प्रमोट किया जाएगा।

## जयपुर में 7 प्रतिशत युवाओं में कोरोनरी हार्ट डिजीज

NFHS की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान में 5 फीसदी युवाओं में कोरोनरी हार्ट डिजीज है, जबकि जयपुर में ये रेशो 7 फीसदी का है। इसके पीछे कारण स्ट्रेस, हाई ब्लड प्रेशर, धूम्रपान, अनबैलेंस लाइफ स्टाइल है।

इसी तरह NFHS-5 की ही एक रिपोर्ट बताती है कि 51.5 फीसदी लोग कम से कम एक नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनडीसी) की चपेट में है। इसमें बीपी, शुगर (डायबिटीज) के बाद कोरोनरी हार्ट डिजीज का आ रहा है। शुगर की स्थिति देखे तो 7.2 फीसदी महिलाएं और 8.9 फीसदी पुरूष इससे पीड़ित हैं, जबकि ब्लड प्रेशर का रेशो क्रमशः 15.4 और 17.9 फीसदी है।

## स्ट्रेस के अलावा वर्किंग लाइफ स्टाइल भी कारण

नारायणा हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. अंशु काबरा ने बताया- कोरोनरी हार्ट डिजीज के पीछे कारण स्ट्रेस के अलावा वर्किंग स्टाइल भी है। लगातार लम्बे समय तक ऑफिस या घर पर बैठकर मोबाइल, पीसी या लैपटॉप स्क्रीन पर काम करना इस बीमारी का एक कारण बन रहा है।

उन्होंने कहा- इस स्थिति से बचने के लिए हर व्यक्ति को हर एक घंटे के बाद करीब 10 से 12 मिनट ब्रेक लेकर टहलना चाहिए। इसके साथ ही लोगों को दिन में कम से कम एक समय (सुबह या शाम) को कम से कम 30 मिनट तेज स्पीड से पैदल चलना चाहिए।

## मॉर्निंग वॉक से करेंगे अभियान की शुरुआत

7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे पर स्वयं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सेंट्रल पार्क में मॉर्निंग वॉक करके फिट राजस्थान अभियान की शुरुआत कर सकते हैं। इसके अलावा आरआईसी सेंटर में भी कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें जीवनशैली पर आधारित आदतों में बदलाव, खाने में 10 फीसदी ऑयल की मात्रा में कमी, मोटापा घटाने और जंक फूड की उपयोग को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

90 साल पहले अलॉट जमीन पर चलाया बुलडोजर

# हाईकोर्ट ने मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष और ईओ से मांगा जवाब, HC ने यथा स्थिति के दिए थे आदेश

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** अदालत के यथास्थिति के आदेश के बाद भी करीब 90 साल पहले आवंटित जमीन पर बुलडोजर चलाने के मामले में हाईकोर्ट ने मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी (ईओ) को अवमानना नोटिस जारी किए हैं। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ढड्ढ़ा की अदालत ने यह आदेश मैसर्स चौधरी इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में कहा गया था कि जमीन पर साल 2012 में हाईकोर्ट ने यथास्थिति के आदेश दिए थे। लेकिन उसके बाद भी नगरपालिका ने जमीन पर हो रखे निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

## रियासत ने आवंटित की थी जमीन

वकील आशीष शर्मा ने बताया कि कंपनी को करीब 33 बीघा जमीन तत्कालीन रियासत ने टोंक जिले के मालपुरा में इंडस्ट्री लगाने के आवंटित की थी। जिस पर कंपनी ने पहले कॉटन इंडस्ट्री और बाद में पाइप इंडस्ट्री लगाई। लीज खत्म होने पर सरकार ने दो बार लीज को रिन्यू कर दिया। लेकिन साल 2012 में तत्कालीन सरकार ने लीज रिन्यू करने से मना कर दिया। जिस पर कंपनी हाईकोर्ट पहुंची। हाईकोर्ट ने 13 अगस्त 2012 को जमीन पर यथास्थिति के आदेश जारी कर दिए। साल 2019 में भी नगरपालिका ने कंपनी को नोटिस दिया था। जिसके जवाब में नगरपालिका को हाईकोर्ट के आदेश से अवगत करा दिया था। इस पर नगरपालिका प्रार्थना पत्र दायर करके मामले में पक्षकार बन गई थी। लेकिन हाईकोर्ट ने यथास्थिति के आदेश बरकरार रखे थे। इसके बाद भी नगरपालिका ने मार्च में जमीन पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया। वहीं इस जमीन पर व्यवसायिक भूखंड काटने की तैयारी की जा रही है।

रामनवमी पर गुप्त वृन्दावन में विशेष आयोजनः

# राम तारक यज्ञ में भगवान के 108 नामों का जाप, हजारों भक्तों ने किया दर्शन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में रामनवमी का पर्व भव्यता से मनाया गया। हजारों भक्तों ने रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। शाम के समय में राम तारक यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान भगवान राम के 108 पवित्र नामों का उच्चारण किया गया। भक्तों ने 'हरे कृष्ण' महामंत्र का जाप करते हुए संकीर्तन किया। पूरा मंदिर परिसर भक्ति, भजन और हरिनाम संकीर्तन की ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। गुप्त वृन्दावन धाम के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने राम तारक यज्ञ का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि श्रीराम अष्टोत्तर के उच्चारण से किया गया यह यज्ञ मनुष्य का कल्याण करने वाला है। यह विश्व शांति, जनकल्याण और भव बंधन से मुक्ति के लिए आयोजित किया गया।

राम जन्मोत्सव पर लगाया 56 केक का भोग

# सीताराम मंदिर की भव्य सजावट ने किया हर्षित, महंत डॉ. नरेशपुरी ने की महाआरती



राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी धाम में रामनवमी महोत्सव की धूम है। सिद्धपीठ के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में हुए भव्य आयोजन को लेकर सीताराम मंदिर की आकर्षक सजावट की गई है। यहां रामलला का 121 किलो पंचामृत से अभिषेक कर छप्पन भोग लगाया गया है। जन्मोत्सव के अवसर पर पहली बार सीताराम भगवान को 56 प्रकार के केक का भोग लगाया गया है। दोपहर 12 बजकर 2 मिनट पर पर्दा हटने के साथ महंत महाराज ने रामलाल की जन्मोत्सव महाआरती की। इसके बाद राम स्तुति भए प्रगट कृपाला... समेत अन्य श्लोकों से मंदिर परिसर गूंजायमान हो गया। भगवान को विभिन्न प्रकार के मेवा मिष्ठान का भोग लगाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद मंदिर परिसर आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। जहां पहुंचे शब्द श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए दर्शन कर खुशहाली की कामना की। जिन्हें प्रसादी वितरण किया गया। वहीं, मंदिर परिसर में अलग-अलग झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। रामलला को पालना झुलाया गया, साथ में थ्रीडी एनिमेशन और विशेष प्रकार के फूलों से की गई सजावट का भव्य रूप देखकर श्रद्धालुओं का मन हर्षित हो गया। मंदिर के सामने भजनोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया।

# गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक


ललित गर्ग

**अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग करते हैं। सरकारों के पास किसी भी नियम या अभियान को अमल में लाने के लिये सारे संसाधन उपलब्ध हैं, इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त भारत के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है?**

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए।



माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। नि य ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए?

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते?

पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं।

अध्ययन में पता चला था कि लगभग सभी ब्रांडेड बोतल बंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद हैं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए।

अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग करते हैं। सरकारों के पास किसी भी नियम या अभियान को अमल में लाने के लिये सारे संसाधन उपलब्ध हैं, इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त भारत के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है।

## संपादकीय

# पारदर्शिता है जरूरी

जज के निवास पर भारी मात्रा में नोटों के मिलने के विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों के बारे में पारदर्शिता सुनि त करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब पदभार ग्रहण करने के बाद सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपनी संपत्ति सार्वजनिक रूप से घोषित करने पर न्यायाधीशों ने सहमति जताई है। जजों की पूर्ण बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। यह खुलासा पूर्णतया स्वैच्छिक होगा। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सहित सर्वोच्च न्यायालय के तैंतीस जजों में से तीस जजों ने अपनी संपत्ति की घोषणा की। पूर्ण पीठ द्वारा संकल्प लिया गया कि जब भी कोई महत्त्वपूर्ण अधिग्रहण किया जाए तो इसकी घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी चाहिए। हालांकि यह



विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर मिली नगदी के बाद यह बड़ा निर्णय लिया गया है। न्यायपालिका में पारदर्शिता और लोगों का विश्वास बनाए रखने की लिहाज से यह कदम दूरगामी साबित हो सकता है। यह प्रस्ताव सभी भावी जजों पर लागू होगा। हाई कोर्टों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। 1977 में भी इसी तरह के प्रस्ताव रखे जाने के बावजूद इन पर अमल नहीं लाया जा सकता था। चूंकि बीते दिनों उठे विवादों को लेकर काफी चिंता व्यक्त की जा रही है, इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि इस घोषणा की उपेक्षा नहीं की जाएगी। यूं तो राजनेताओं के पास मिलने वाली आय से अधिक संपत्ति के बाद संपत्ति की घोषणा भले ही की जा रही है मगर उसे जनता द्वारा संदेह की नजर से ही देखा जाता है। दूसरे, उन्होंने यह संपत्ति कहां से और कैसे अर्जित की, यह सवाल खड़ा ही रहता है। जीवन साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के नाम जमा राशि या जमीन-जायदाद के मामले किसी से छिपे नहीं हैं। भ्रष्टाचार व काले धन को लेकर मोदी सरकार सत्ता में आने से पहले जितनी मुखर थी, अब उतनी मौन ओढ़े है। बहरहाल, सबसे बड़ी अदालत ने अनाप-शनाप काला धन कबाड़ने वालों को बड़ा संकेत दिया है। इस मसले में सरकार से नाउम्मीद हो चुकी जनता का अदालत पर भरोसा तो बढ़ेगा ही, साथ ही नई उम्मीद भी जाग सकती है।

## चिंतन-मनन

# विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं।

सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

# रामेश्वरम् में बन गया आस्था व आर्थिक अनुठा संगम


विनोद कुमार सिंह

समंदर के सीने पर विज्ञान व तकनीक का शंखनाद देश का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेल पुल तैयार.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार, 6 अप्रैल 2025 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल,नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन किया पुल की लंबाई व संरचनाः 2.08 किलोमीटर लंबे इस पुल में 99 स्पैन व 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन शामिल है .

डिजाइनः भविष्य की मांगों को ध्यान में रखते हुए,इसे दोहरी रेल पटरियों के लिए डिजाइन किया गया है।

रामायण के अनुसार, राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था, जिससे इस पुल का सांस्कृतिक महत्व और बढ़ जाता है।

पंबन रेल पुल भारतीय इंजीनियरिंग कौशल का प्रतीक है और देश के बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा.

भारतीय महाद्वीप पर महासूर्य की प्रथम किरण ने हिंद महासागर के किनारे पर अपना पाँव पखारेगी, रामभक्त



अपने भगवान राम की जन्म जन्यती अथार्त रामनवमी का महापर्व मना रहा है।वही आस्था व धर्म की धार्मिक नगरी रामेश्वरम में भारतीय रेल द्वारा नवनिर्मित पंबन पुल 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। इस संदर्भ में कहा जाता है कि शिव की मोक्ष नगरी की काशीवासी,जब तमिलनाडु का स्मरण करता है,उसे सर्व प्रथम श्री रामेश्वरम का ख्याल आता है।प्रधानमंत्री की दुरदर्शिता व दृढ़ संकल्प का यह परिणाम पंबन पुल है।जिसकी झलक आये दिनों आये दिनों देखने को मिलता रहता है उद्धाहरण के तौर पर काशी में विश्वनाथ कॉरिडोर,अयोध्या में भव्य व दिव्य राममंदिर,रामेश्वरम में पंबन पुल है।सर्वविदित रहे कि नये पंबन पुल रामेश्वरम् में धार्मिक पर्यटन के साथ आर्थिक विकास की उड़ान में नए पंख देने वाला है।मै स्पष्ट कर दूं कि भारत का यह पहला समुद्र पर वर्टिकल लिफ्ट रेलवे पुल है, 535 करोड़ रुपये की लागत से बनी है, जिसकी लंबाई लगभग 2.8 किमी है। नया पुल समुद्र तल से 22 मीटर ऊंचा है।पुल के निर्माण से ट्रेनों को समुद्र पार करने में 5 मिनट से भी कम समय लगेगा,जबकि पहले इस सफर में 25 से 30 मिनट लगता था।नया पुल और बेहतर रेल सुविधाएं तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाएंगी,जिससे पर्यटन से जुड़े व्यवसायों(जैसे होटल,दुकानें,व परिवहन)को सीधे लाभ होगा रामेश्वरम में हर साल लाखों श्रद्धालु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं।प्रधानमंत्री के राजनीतिक दृष्टिकोण में ₹विकास₹ की केंद्रीय भूमिका रही है,और पंबन पुल जैसे बड़े इन्फ्रास्ट्र र प्रोजेक्ट का पूरा होना,उनके व्यक्तिगत मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं था।आप को बताना चाहूँगा कि सन 2019 में प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने के बाद उन्होंने उद्घाटन किया हैं।पंबन पुल, तमिलनाडु में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एक नए उत्प्रेरक के तौर पर काम करेगा । इससे मछुआरा समुदाय,व्यापारियों और पर्यटन उद्योग को सीधा फायदा होगा।बेहतर कनेक्टिविटी से माल ढुलाई और लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।इससे स्थानीय लोगों को आजीविका के स्तर पर सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।द्रविड़ राज्य के तटीय इलाकों का ये लाभार्थी वर्ग देख रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल से उसका जीवन बदलने वाला है। ₹सबका साथ, सबका विकास₹ का यह विजन तमिलनाडु के ग्रामीण और तटीय इलाकों में प्रधानमंत्री के प्रभुत्व को स्थापित करता है।भाषा, क्षेत्रीय अस्मिता और द्रविड़ राजनीति के प्रभुत्व वाले तमिलनाडु में प्रधान मंत्री ने विकास का नैरेटिव खड़ा किया है।जो स्थानीय जरूरतों और तमिल गौरव और संस्कृति के सम्मान से जुड़ा है।मोदी ने सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाकर पुल के संचालन का निरीक्षण किया। यह पुल न केवल परिवहन को सुगम बनाएगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा,




# उत्तरप्रदेश की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com
www.hpnews.in/www.tniawaaz.in
आपकी आवाज के साथ....
www.uttarpradeshkirajneeti.com
जयपुर, सोमवार 07 अप्रैल, 2025
हिन्दुस्तान पत्रिका
आगरा, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी, मथुरा,अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज,बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर,औरैया, इटावा, फ़र्रुख़ाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर से प्रसारित


## भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है भाजपा- मनीष ओझा

उत्तरप्रदेश की राजनीति



**फरह।** आज चैत्र नवरात्रि के नौ वें स्वरूप मां सिद्धिदात्री और रामनवमी को लेकर ओल मंडल में हवन यज्ञ में पूर्णाहूति अर्पित करते हुए देवी मां की स्तुति की और भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। वहीं भाजपा के स्थापना दिवस पर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।ओल मंडल अध्यक्ष मनीष ओझा ने कहा भाजपा राजनीतिक की धुरी बन गई है।भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के जन्मदिवस पर हमें सत्य, सदाचार,त्याग का संकल्प लेना चाहिए। हवन यज्ञ से जहां परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है, वहीं वातावरण में भी शुद्धता आती है, आज रामनवमी एवं भाजपा के 45वें स्थापना दिवस हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है। भाजपा के 45वीं वर्षगांठ को लेकर पूरे मथुरा सहित प्रदेशभर में भाजपाईयों ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता करते हुए श्रीराम प्रभु का जन्मोत्सव मनाया।स्थापना दिवस पर बोलते हुए कहा स्वाधीनता के बाद 1951में जब पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ बनाया था तब विरोधी उनकी हंसी उड़ातें थे कि यह क्या राजनीति करेंगे और जब 1980 में भाजपा की स्थापना हुई तो उनके ताने बढ़ते गए, उस दौर में अटलजी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा, आज भाजपा सारी चुनौतियों को ध्वस्त करके भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है,केन्द्र सहित डेढ़ दर्जन राज्यों में भाजपा सरकार है।इस दौरान मंडल महामंत्री नरेश कटारा,युवा नेता धर्मेंद्र सिंह उर्फ भोला चौधरी,ओल भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भगवत ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## पीड़ितों को न्याय व अपराध पर अंकुश लगाना ही प्राथमिकता- अजय वर्मा

उत्तरप्रदेश की राजनीति



**टाउनशिप/एसएसपी।** डीआईजी शैलेश पांडे बीते दिनों जनपद में कई थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी का तबादला किया है।वहीं तेजतर्रार निरीक्षक व उपनिरीक्षकों को नवीन जिम्मेदारियां प्रदान की गई हैं।इसी क्रम में तेजतर्रार वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय वर्मा को रिफाइनरी का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया है।तो वहीं रिफाइनरी के थानाध्यक्ष तेजतर्रार उप निरीक्षक सोनू सिंह को जनपद की स्वाट टीम का प्रभारी बनाया है।रिफाइनरी के नवनियुक्त थाना प्रभारी अजय वर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद थाने के समस्त पुलिसकर्मियों के साथ बैठक ली।उन्होंने कहा थाने पर आने वाले किसी भी फरियादी को बिना संतुष्टि के थाने से वापस न किया जाए।थाने पर शिकायत लेकर आए पीड़ित की हर संभव मदद की जाए। नवागत थाना प्रभारी ने क्षेत्र के सभी गांव की जानकारी ली।पत्रकारों से वार्ता कर कहा पीड़ितों को न्याय दिलाना एवं अपराध पर अंकुश लगाना ही प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा बांछितों की खैर नहीं एवं अपराधियों को किसी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

## डोले में विराजमान मां दुर्गा की हुई जय जयकार

उत्तरप्रदेश की राजनीति



**कोसीकलां।** पथवारी देवी मेला समिति के तत्वावधान में मां पथवारी मेले में नवमी पर नगर भ्रमण को निकाले गए माँ सिद्धिदात्री के डोले में विराजमान माता का स्वरूप भक्तों को लुभा रहा था, भक्त जय जयकार करते नहीं थक रहे थे। मा की आस्था में सरावोर भक्तों ने नगर में कई स्थानों पर माता के डोले में विराजमान माता की आरती उतारी।
रविवार की देर सांय रामनवमी के दिन माँ पथवारी मेला समिति के तत्वावधान में थाना रोड स्थित गयालाल धर्मशाला से निकले माँ दुर्गा के नोंवे स्वरूप माँ सिद्धिदात्री का फूलों से सुसज्जित दिव्य डोला निकाला गया। दिल्ली सहित दूर दराज से आए प्रसिद्ध बैंडों एवं नगर के बैंडो ने डोले के साथ निकली करीब एक दर्जन से अधिक झांकियो की अगुवाई की। नगर के दर्जनों स्थानों पर भक्तों ने माता की आरती उतारी। इस दौरान लग रहे माता के जयकारों से समूचा नगर भक्तिमय हो गया। झांकिया नगर भ्रमण करते हुए रत्नागर सागर किनारे स्थित मां पथवारी देवी मंदिर पहुंची, जहां पथवारी माता को दिव्य फूलबगंले में विजरामान कर मा सिद्धिदात्री के रूप में दर्षन कराए गए। इसके अलाबा समीप ही स्थित रामलीला ग्राउंड पर रासलीला का आयोजन किया गया।

## चाकू सहित पकडा

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** थाना पुलिस ने आगरा कैनाल से हताना की तरफ जाने वाली पटरी के पास से एक युवक को हिरासत में ले चालान किया है। युवक ने अपना नाम शाहपुर रोड राधा कृष्णा कालोनी, गोपालबाग निवासी श्यामसुन्दर पुत्र भगत सिंह बताया युवक के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया।

## विवाद में दो का किया चालान

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** गांव नगरिया निवासी लक्ष्मण पुत्र बलराम, गांव कादौना निवासी हरेकिशन पुत्र वेदराम तथा गांव कादौना निवासी विष्णु पुत्र सतबीर, सतबीर पुत्र पतराम में शराब पीकर घर के सामने बैठने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने चालान कर दिया।

## गांव हताना के खेत में लगी आग

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** गांव हताना में अज्ञात कारणों से एक किसान के खतों में आग लग गयी। सूचना पर पहुची दमकल ने वमुष्किल आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक किसान की काफी खडी फसल जलकर खाक हो चुकी थी, जिससे किसान को लाखों का नुकसान हो गया।

# नुकसान हुआ तो मुआवजे का हकदार, पटटेदार

### गोषाला की भूमि को पटटे पर देने के लिए लगी बोली

### 60 हजार में छूटी अंतिम बोली

### 10 हजार 500 के नुकसान से छूटी बोली

उत्तरप्रदेश की राजनीति



**कोसीकलां।** नगर की प्राचीन श्रीकृष्ण गोषाला में रविवार को गोषाला की कई एकड भूमि को पटटे पर देने के लिए बोली लगायी गयी। बोली में पूर्व पटटेदार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे, लेकिन बोली सिर्फ और सिर्फ तीन लोगों ने लगायी। बोली के बाद पूर्व पटटेदार को ही पटटा दे दिया गया। लेकिन इस बर्ष से अगर किसी आपदा के कारण फसल में किसी भी प्रकार का कोई नुकसान होता है तो मुआवजे के तौर पर मिलने वाली सहायता राषि का हकदार पटटेदार होगा। गोषाला के अध्यक्ष पं. धर्मवीर शर्मा ने बताया कि गोषाला की करीब 46 एकड भूमि को पटटे पर उठाया जाता है। इस वर्ष रविवार को भूमि को पटटे पर उठाने के लिए गोषाला में बोली लगायी गयी। बोली में नगर के गणमान्य लोगों सहित दर्जनों किसानों ने हिस्सा लिया, लेकिन पूर्व पटटेदार हरेन्द्र पुत्र हुकमसिंह सहित तूमौला निवासी थानसिंह पुत्र अमर सिह, बठैन निवासी केन्द्रीय किसानों ने बोली लगायी। बोली 55 हजार से शुरू हुई और काफी कषमकष के बाद 60 हजार पर अतिंम बोली समाप्त होने के बाद पूर्व पटटेदार हरेन्द्र पुत्र हुकमसिंह को ही पटटा दे दिया गया। पं धर्मवीर शर्मा ने बताया कि पिछ्ले वर्ष भूमि का पटटा 70, हजार 500 में उठा था, लेकिन पिछ्ली वार आपदा के कारण किसान को भी काफी नुकसान हुआ था, इसलिए इस बार यह तय किया गया है कि किसी भी आपदा में होने वाले नुकसान के बाद मिलने वाली सरकारी सहायता का हकदार पटटेदार होगा।

### नदंगाव रोड पर बनेगी नई गोषाला

पं. धर्मवीर शर्मा ने बताया कि कमेटी के लोगों ने यह निर्णय लिया है, कि नंदगाव रोड स्थित कोकिलावन के समीप पैट्रोल पंप के सामने गोषाला की करीब ढाई एकड भूमि में एक नयी विषाल गोषाला का निर्माण जन प्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों, राजनैतिक लोगों सहित गणमान्य लोगों की सहायता से किया जाएगा। प्राचीन गोषाला मे सिर्फ दूधरू गोवंष ही रखे जाऐंगे इसके अलाबा अन्य सभी गोवंषों सहित शहर में इधर उधर गलियों, हाइवे, आदि में घूमने वाले गोवंषों को विचाराधीन गोषाला में रखा जाएगा।

# केएम यूनीवर्सिटी में देवीपुराण कथा व शतचंडी महायज्ञ का हुआ समापन

उत्तरप्रदेश की राजनीति



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने हवन पूजन किया। विवि में देवी पुराण कथा एवं शतचंडी महायज्ञ पूरे नवरात्र चला आज उसके समापन अवसर पर विवि के कुलाधिपति एवं उनकी पत्नी ने पीजी डाक्टर्स, एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं के साथ हवन यज्ञ में पूर्णाहूति अर्पित करते हुए देवी मां की स्तुति की और भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। वहीं भाजपा के स्थापना दिवस पर विवि में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।
हवन यज्ञ में शामिल विवि के रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, पीजी डाक्टर्स, एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के जन्मदिवस पर हमें सत्य, सदाचार, त्याग, मर्यादा, निष्ठा, नैतिकता, सेवा, न्याय व करुणा के महान आदर्श मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। हवन यज्ञ से जहां परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है, वहीं वातावरण में भी शुद्धता आती है, आज रामनवमी एवं भाजपा के 45वें स्थापना दिवस हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है।
इससे पूर्व केएम विश्वविद्यालय में देवीपुराण और शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ कुलाधिपति किशन चौधरी ने किया था, जिसके समापन अवसर पर आज कांशी से आए विद्वान पंडितों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष व विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, उनकी पत्नी संजू चौधरी ने मां सिद्धिदात्री की वैदिक मंत्रों के बीच यज्ञ में आहूति देकर किया। रामनवमी के अवसर पर विवि के परिसर में रामधुन देरसायं तक गूंजती रही। छात्र-छात्राओं ने राम जन्मोत्सव को लेकर दीपक जलाएं, जिससे पूरा विवि जगमगा गया।

## श्री रामलला की हुई जय-जयकार

### श्रीराम नाम के गुंजायमान हुई नगरी

### विभिन्न स्थानों पर आरती उतारी, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** रामनगर स्थित कालीमंदिर से श्रीराम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में निकाले गए श्री रामलला के भव्य डोले का भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर भक्तो ने पुष्पवर्षा कर आरती उतारी। रामनवमी के अवसर पर रामनगर स्थित काली मंदिर से रविवार की दोपहर करीब 1 बजे श्रीरामलला का भव्य डोला निकाला गया। प्रमुख समाजसेवी लायंस क्लब इंटरनेशनल के राष्ट्रीय कोआर्डीनेटर पीसी जैन ने आरती उतारकर डोले का शुभारम्भ किया। नगर के प्रसिद्ध बैंडो सहित नफीरी ने डोले की अगुवाई की। डोला बल्देवगंज, घंटाघर, पुरानी जीटी रोड, एएन फ्लैक्स गैलरी के सामने से, अग्रसेन मार्ग, सब्जी मंडी, मैन बाजार, भरत मिलाप चौक होते हुए रत्नागर सागर स्थित महादेव मंदिर पर पहुंचा। इससे पूर्व नगर में विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने डोले की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर भ्रमण के दोरान लग रहे जय श्रीराम, जय माता सीता के उदघोषों से समूचा नगर राममय हो गया। पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, माधवदास मौनी बाबा, केके अग्रवाल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, सुभाष गोयल, हरीओम गुप्ता, ट्रस्ट के समवयक सौरभ जैन कामियां, जेके अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दिपांशु गर्ग आदि साथ चल रहे थे।

## थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल ने कराया ई-रिक्साओं का सत्यापन

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** नवागत थाना प्रभारी निभारी ने नगर में अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्साओं का पंजीकरण करना शुरू करा दिया है। उन्होने बताया कि नगर असमाजिक तत्वों के खिलाख सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होने सत्यापन के बारे में शासन के आदेषानुसार कार्य कर नगर वासियों की सुरक्षा एवं भाईचारा कायम रखने की बात कही। गौरतलब हो कि पिछ्ले दिनों ई-रिक्सा चालक की पुलिस द्वारा की गयी पिटाई के बाद तीन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इसके बाद जब पुलिस ने फिर एक बार भय दिखाने की कोषिष करते हुए नामजदों को पकडने के लिए दबिष दी तो तोडफोड और वेकसूर लोगों से मारपीट के आरोप खाकी पर लगे। इस खेल की आखरी बोल पर प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह को अपना विकेट गवाना पडा। अब नवागत चौकी प्रभारी अरविंद सिंह निर्वाल ने जार्च संभालते हुए नगर में बढ रही ई-रिक्साओं की संख्या जिन्हे नाबालिग भी चलाते देखे गए और हादसे भी सामने आए, इसी कारण से सर्व प्रभारी थाना श्री निर्वाल ने नगर में दौड रहे ई-रिक्षाओ का सत्याप करना शुरू कर दिया। जिससे अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्षा चालकों में हडकंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल ने बताया कि नगर के सभी ई-रिक्षाओं का सत्यापन होगा।

## निषाद राज जंयती पर शेरगढ़ में निकाली शोभायात्रा

उत्तरप्रदेश की राजनीति




**शेरगढ।** हर वष की भांति इस वर्ष भी कस्बा शेरगढ़ में आकर्षक बैंड बाजों एवं डीजे के साथ भगवान राम के आत्म बाल सखा निषाद राज की जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा शेरगढ़ की मंगलेश्वर बगीची से मैंन बाजार होते हुए पटेल चौक तक पहुंची तत्पष्चात मंगलेश्वर बगीची पर शोभायात्रा का समापन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि देशभर में प्रतिवर्ष 5 अप्रैल को निषाद एवं कश्यप समाज के आराध्य देव भगवान निषाद राज एवं ब्रह्मा जी के मानस पुत्र तथा सप्त ऋषियों में से एक भगवान महर्षि कश्यप जी की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। इसी के उपलक्ष में निषाद एवं कश्यप समाज के लोगों ने मिलकर शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा में समाज के हज़ारों लोग शामिल रहे। शोभायात्रा में भगवान निषाद राज, महर्षि कश्यप, राधा कृष्ण, हनुमान जी एवं देवो के देव महादेव की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में सर्वसमाज के लोगों ने शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मेघश्याम निषाद एवं वीरनारायन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जयप्रकाश निषाद, विवेक निषाद, सोमनाथ निषाद, आदि लोग ने मुख्य भूमिका निभाई।

### एक नए वायरस को न्यौता दे रहा नगर निगम मथुरा

# प्लास्टिक युक्त कूड़े से निकलती जहरीली गैस हो सकती है जानलेवा

### डंपिंग यार्ड का कूड़ा आबादी क्षेत्रों में किया जा रहा डंप

उत्तरप्रदेश की राजनीति



**मथुरा।** शहर में आबादी क्षेत्र में जगह-जगह प्लास्टिक युक्त पड़े कूड़े से नगर निगम एक नई वायरस को न्यौता दे रहा है। प्लास्टिक युक्त कूड़े से इतनी खतरनाक जहरीली गैस फैल सकती है जिसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है और जनमानस को भयंकर क्षति हो सकती है। कूड़े निस्तारण के नाम पर नगर निगम मथुरा लीपापोती करने में लगा हुआ है।घरों से निकल कर पूरे शहर का कूड़ा डंपिंग यार्ड में निस्तारण के लिए पहुंचाया जाता है।और प्लास्टिक युक्त कूड़े के आरडीएफ को कंपनियां सीमेंट बनाने के लिए उपयोग में लेती हैं।सरकार की गाइडलाइन के अनुसार जनमानस के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कूड़े का निस्तारण सही तरीके से किया जाता है।लेकिन निगम के संबंधित अधिकारियों के लापरवाही से आरडीएफ सहित कूड़े को निगम के अधिकारी के द्वारा टाउनशिप के आसपास आबादी क्षेत्र में डंप किया जा रहा है।पास रहने वाले लोगों ने इससे उठ रही दुर्गंध और गंदगी का विरोध भी जताया है। स्थानीय लोगों ने बताया
आरडीएफ एवं मलवे को गलत तरीके से दिन और रात ट्रैक्टर एवं डंपरों के द्वारा हाईवे के नजदीक गोकुल बैराज पास गड्ढे एवं शहर के सुनसान क्षेत्र में पड़े हुए खाली प्लाटों में डंप किया जा रहा है। जिससे आसपास का क्षेत्र दूषित हो रहा है।मलवा ले जा रहे ट्रैक्टर चालक ने बताया बताया कि वह अपने प्लाट में भर्त करने के लिए डंपिंग यार्ड से तीन सौ रुपए ट्रॉली भर कर ला रहा है।मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल गर्ग ने बताया खुले में कूड़ा डालना अनुचित है।इससे जहरीली गैस निकलती है जनमानस के लिए है यह हानिकारक है।इस विषय पर जांच की जाएगी।कूड़े निकलने की बात पर उन्होंने कहा डंपिंग यार्ड का प्रभार अपर नगर आयुक्त देखते हैं।

### कुंभकर्णीय नींद में निगम के अधिकारी

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है।उनको नहीं मालूम डंपिंग यार्ड से आरडीएफ किस प्रकार से निकलकर प्लाटों में भर्त के लिए का रहा है। देखा जाए तो यह सरासर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना है सत्यता यह है कि निगम के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। निस्तारण के नाम पर आबादी क्षेत्र में खाली प्लाटों में भी आरडीएफ से भर्त कराया जा रहा है।

### इनका कहना है

टाउनशिप क्षेत्र व बैराज मोड़ के पास हाईवे स्थित डंपिंग यार्ड का कूड़ा हमारे द्वारा नहीं फिकवाया गया है।नियम व सरकारी कीमतों के हिसाब से कूड़े को बेचा जाता है।

**-अनिल कुमार,अपर नगर आयुक्त नगर निगम, मथुरा वृंदावन**



जम्मू में वैष्णो देवी का मंदिर चैत्र नवरात्रि की राम नवमी के अवसर पर रंग-बिरंगी लाईटों से सजाया गया। रात में मंदिर परिसर रोशनी से जगमग दिखाई दे रहा है।

# राम नवमी पर माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, भक्तों ने की पूजा-अर्चना

एजेंसी ▶▶ जम्मू

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के नवमी दिन कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। लाखों श्रद्धालु इस पवित्र अवसर पर पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर परिसर को सजाया गया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन रामनवमी के अवसर पर रविवार को कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वही श्रीनगर के प्राचीन शंकराचार्य मंदिर में भी भक्तों ने राम नवमी पर पूजा की। इस अवसर पर भगवान शंकर के दर्शन करने के लिए बहुत से लोग मंदिर पहुंचे। एक केरल से आई श्रद्धालु आरती ने कहा मैं बहुत आभारी हूं कि मैं इस दिन यहां आ सकी, क्योंकि यह राम नवमी का पर्व है। हम सभी जानते हैं कि इस दिन की खुशी से शुरुआत होगी। यह एक शांत मंदिर है, जिसमें हम भगवान शिव के साथ हर समय शांतिपूर्वक बिता सकते हैं।



**विशेष सेवाएं प्रदान की गई**

*वैष्णो देवी मंदिर में नवमी के दौरान एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक स्काईवॉक और उन्नत सेवाओं की शुरुआत की है। विकलांग व्यक्तियों के लिए भी विशेष सेवाएं प्रदान की गई हैं, जिससे तीर्थयात्रा का अनुभव सहज और आरामदायक हो सके।*

### देश-विदेशों से श्रद्धालु यहां आते हैं

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि के पावन त्योहार के दौरान श्रद्धेय श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत से अब तक करीब एक लाख तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन के लिए आ चुके हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सभी आगंतुकों के लिए एक सहज और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध तीर्थयात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। रियासी जिले के कटरा शहर की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित इस मंदिर में नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस पवित्र अवधि के दौरान आशीर्वाद लेने के लिए देश भर से और विदेशों से श्रद्धालु यहां आते हैं।

## खबर संक्षेप

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत



**सियोल।** दक्षिण-पूर्वी दक्षिण कोरिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां रविवार को जंगल में लगी आग बुझाने के दौरान दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें हेलीकॉप्टर के पायलट की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर जंगल की आग बुझाने के लिए उड़ान भर रहा था। स्थानीय अग्निशमन कार्यालय के अनुसार, यह दुर्घटना डेगू शहर की पहाड़ी पर लगी आग को बुझाने के दौरान हुई। बता दें कि यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पिछले महीने दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में अब तक की सबसे भीषण जंगल की आग लगी थी।

### ब्रिटेन में आर्टिस्ट सुदर्शन पुरस्कार से सम्मानित



**लंदन।** विश्व प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक को इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शनिवार को दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया जब उन्होंने भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई, जिस पर विश्व शांति का संदेश था। क्योंकि वर्ष 2025 में प्रसिद्ध ब्रिटिश रेत मूर्तिकार फ्रेड डारिंगटन की शताब्दी मनाई जाएगी।

### उपराज्यपाल ने एक साक्षात्कार में कहा

# पाक की जनता में अविश्वास चरम पर, पीओके को मिलाना केंद्र सरकार का कामः एलजी सिन्हा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

*उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीओके को मिलाने का फैसला भारत सरकार पर छोड़ दिया, पाकिस्तान की अंदरूनी स्थिति पर चिंता जताई और जम्मू कश्मीर में शांति, विकास और आतंकवाद पर नियंत्रण की दिशा में विश्वास व्यक्त किया।*



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल अपने चरम पर है। रही बात पीओके कि तो उसे देश में मिलाने का फैसला भारत सरकार को करना है। उपराज्यपाल ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में शुक्रवार को ये बातें कहीं। तबादलों पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से प्रतिक्रिया को लेकर कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को सोच समझकर बोलना चाहिए।

उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल बना हुआ है। दूसरी तरफ यहां पीओके है, वहां पर जनता जब हमको देखती है तो कहती है कि जो हिस्सा मोदी के पास है वहां पर सड़कें हैं, अस्पताल हैं और डाक्टर हैं। जबकि यहां हमारे यहां गेहूं व आटे के लिए लाइन लग रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान एक विफल राज्य है। पाकिस्तान कई समस्याओं चाहे बलूच का हो या पड़ोस का मसला हो, इससे जूझ रहा है।

### सही समय पर मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा

पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर बयान मे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पूर्व में भी प्रधानमंत्री व गृहमंत्री इसको लेकर स्पष्ट कर चुके हैं कि सही समय आने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। विधानसभा चुनाव के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर आए थे तब भी यही बात उन्होंने कही थी। इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए। लोगों को इंतजार करना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर में शांति है, इसके लिए किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं

उन्होंने जम्मू कश्मीर को लेकर कहा कि यहां पर शांति है इसके लिए किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। आम आदमी यहां शांति महसूस कर रहा है। जो लोग देश के अन्य भागों से यहां कश्मीर आ रहे हैं, उन्हें मैं ब्रांड एंबेस्डर मानता हूं। इसीलिए कश्मीर में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।

### अब तो आतंकवादी तंजीमों का कोई कमांडर नहीं बचा

जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जब वह सात अगस्त 2019 को यहां आए थे, तब से लेकर अब तक काफी कुछ बदल चुका है। यहां पर शांति,समृद्धि व विकास की बात हो रही है।

### आतंकियों ने परिवार को ढाई घंटे बनाया बंधक, खाना खाया, मोबाइल छीनकर भागे

*उधमपुर। मजालता के गांव चौड पांजिया के खबल में दो संदिग्धों ने घर में घुसकर परिवार को करीब ढाई घंटे बंधक बनाए रखा। खाना खाने के बाद संदिग्ध परिवार से मोबाइल छीनकर भाग गए। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। परिवार को बंधक बना लिया। खाना खाया और करीब ढाई घंटे बाद रात ढाई बजे मोबाइल लेकर चले गए।*

### जज्बाः रिटायर सैनिकों ने कहा हम भी आतंकियों से लड़ेंगे

**जम्मू।** जिले के सीमावर्ती गांवों के सेना से सेवानिवृत्त अधिकारियों और जवानों ने सरकार से गुहार लगाई है कि यदि उन्हें हथियार मुहैया कराए जाएं तो वे आतंकवादियों से लड़ने के लिए तैयार हैं। सेवानिवृत्त कैप्टन बज सिंह, देवेंद्र सिंह, जगदीश राज और कुलदीप राज ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की ओर से देश विरोधी तत्वों को जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए भारत-पाक सीमा से घुसपैठ कराई जा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हमें सूचना मिलती है कि मुठभेड़ में सेना के अधिकारी और जवान शहीद हो रहे हैं, हमारा खून खौल उठता है। सेवानिवृत्त सैनिकों ने बताया कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की ओर से लोगों को हथियार दिए जाते थे और फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जाता था। लोग अपने-अपने गांवों की सुरक्षा करते थे। जब आतंकवादी घटनाएं बढ़ने लगीं तो पुलिस ने ग्राम सुरक्षा समितियां बनाई थीं। प्रत्येक गांव में पांच सदस्यों की समिति बनाकर उन्हें पुलिस के साथ रात्रि पहरेदारी का जिम्मा सौंपा गया था। उनके काम को देखते हुए उन्हें मानदेय भी दिया जाता था और समय-समय पर फायरिंग प्रशिक्षण दिया जाता था। सेवानिवृत्त सैनिकों ने मांग की कि केंद्र



सरकार की ओर से बनाए गए ग्रामीण सुरक्षा गार्ड की तर्ज पर उन्हें भी हथियारों के लाइसेंस दिए जाएं ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने बताया कि सेना के जवान पहले से ही प्रशिक्षित होते हैं। जिन लोगों ने हथियार के लाइसेंस रिन्यू करने के लिए दिए हैं, उन्हें रिन्यू किया जा रहा है। अभी नए लाइसेंस नहीं बन रहे हैं।

### द्विपक्षीय संबंधों में दिखी नई मजबूती

# पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान 14 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

◆ 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त की थी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब रविवार को श्रीलंका सरकार ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा किया।

यह कदम प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच शनिवार को हुई वार्ता के बाद सामने आया।

**श्रीलंका मित्र विभूषण से सम्मानितः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीलंका की ओर से उच्च नागरिक सम्मान 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से भी नवाज़ा गया।

### मछुआरे अक्सर गिरफ्तारी के शिकार होते हैं

भारतीय मछुआरों, विशेष रूप से तमिलनाडु से संबंधित, को श्रीलंकाई जल सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। 2025 की शुरुआत से अब तक, श्रीलंकाई बलों द्वारा 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त की गई हैं। इससे तटीय समुदायों में चिंता बढ़ी है और भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की जाती रही है।

### विकास परियोजनाओं का संयुक्त उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया, जिनमें भारत समर्थित रेल परियोजनाएं प्रमुख हैं। इनमें अपग्रेड की गई महो-ओमंथई रेलवे लाइन और महो-अनुराधापुरा सेगमेंट के लिए नया सिग्नलिंग सिस्टम शामिल हैं।

### राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

# ट्रंप और एलन मस्क के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा! 1200 जगहों पर रैलिया निकालीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका में शनिवार को विपक्षी आंदोलन का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। अमेरिका में हजारों की संख्या में गुस्साए लोगों की भीड़ ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश के चलाने के तरीके और उनकी नीतियों के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। अमेरिका के 50 राज्यों में 1200 से ज्यादा स्थानों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की अमेरिका के लिए नीतियों के विरोध में तथाकथित 'हैंड्स ऑफ' प्रदर्शन किया गया।




**पर्शिंग स्क्वार से लेकर सिटी हॉल तक निकाली गईं रैलियां**

*वेस्ट कोस्ट पर सिएटल के विख्यात स्पेस नीडल के अंतर्गत हजारों प्रदर्शनकारियों ने फाइट फॉर ऑलिगार्की लिखी तख्तियां ली हुई थी। पोर्टलैंड, ओरेगन और लॉस एंजिलिस में भी हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरकर ट्रंप सरकार के विरोध में नारे लगाए।*

### ट्रंप और मस्क के खिलाफ लोगों ने लगाए नारे

मिडटाउन मैनहैटेन से लेकर एंकोरेज, अलास्का तक कई राज्य की राजधानियों में हजारों की संख्या में लोगों ने ट्रंप और मस्क के खिलाफ नारे लगाए, रैलिया निकाली।

### टारगेट पूरा नहीं हुआ तो कंपनी ने की घिनौनी हरकत

# जानवरों की तरह जंजीर से कर्मचारियों को बांधा फिर घुटनों के बल चलाया

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

केरल के कोच्चि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें एक प्राइवेट मार्केटिंग फर्म के खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। टारगेट पूरा न कर पाने पर उन्हें जंजीरों से बंधे कुत्तों की तरह घुटनों के बल चलने को मजबूर किया जा रहा है। यह वीडियो कंपनी के ही एक पूर्व मैनेजर ने अपने फोन में शूट किया था। वहीं, पुलिस का कहना है कि पूर्व मैनेजर का कंपनी के मालिक से विवाद था और उसने नए प्रशिक्षुओं के साथ यह वीडियो शूट किया और दावा किया कि यह उनकी ट्रेनिंग का एक हिस्सा है।



### मंत्री ने कहा इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता

*राज्य के श्रम मंत्री वी शिवनकुट्टी ने वीडियो को चौंकाने और परेशान करने वाला करार दिया और कहा कि केरल में इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। मैंने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और जिला श्रम अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। राज्य मानवाधिकार आयोग ने उच्च न्यायालय के वकील कुलथूर जयसिंह की शिकायत के आधार पर इस संबंध में मामला दर्ज किया है।*

# म्यांमारः भूकंप पीड़ितों के लिए 405 टन चावल लेकर पहुंचा नौसेना का जहाज



*नाएप्यीडॉ। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए भारत सरकार का 'ऑपरेशन ब्रह्मा' जारी है। भारतीय नौसेना ने 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री की एक नई खेप लेकर नौसेना का जहाज रविवार को म्यांमार के शहर यांगून पहुंचा। यह राहत सामग्री भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी।*

### ईरान से खतरे जैसे मुद्दों पर भी होगी चर्चा

# गाजा और अन्य मुद्दों पर ट्रंप और नेतन्याहू आज करेंगे मुलाकात



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज (सोमवार को ) इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद व्हाइट हाउस में यह उनकी दूसरी बैठक होगी। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी और नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को इस मुलाकात की पुष्टि की।

### इधर, गाजा पर इजराइल ने की बमबारी 24 की मौत

दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब इजराइल हमास के चरमपंथियों पर दबाव बनाने के लिए गाजा पट्टी में एक नए सुरक्षा गलियारे में सेना तैनात कर रहा है। वही ईरान से खतरे जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। इधर, इजराइल ने गाजा पट्टी पर रातभर बमबारी की। इजराइली हमलों में 24 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 10 महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को इजराइली हमलों के बारे में जानकारी दी।

### अमेरिका के पेनसिंलवेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने की नईखोज

# अब च्युइंगम चबाकर होगा दो वायरसों का सफाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने एक एंटीवायरल च्युइंगम विकसित की है, जो इन्फ्लूएंजा और हर्पीस वायरस के संक्रमण को 95 फीसदी तक कम कर सकती है। यह च्युइंगम लैबलेब पर्प्युरियस बींस से बनाई गई है।

इंफ्लूएंजा (फ्लू) और हर्पीज वायरस के कारण हर साल लाखों लोग संक्रमण का शिकार होते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर मौसमी इंफ्लूएंजा हर साल लगभग एक अरब लोगों को संक्रमित करता है, जिसके कारण करीब 6.50 लाख लोगों की श्वसन संबंधी जटिलताओं से मृत्यु हो जाती है। 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में फ्लू के गंभीर रूप लेने और इसके कारण जान-जाने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

**95 प्रतिशत तक कम होगा संक्रमण**



### इंलूएंजा और हर्पीज वायरस से मिलेगी सुरक्षा

*अब इस प्रकार के संक्रमण को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। अमेरिका स्थित पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने एक विशेष प्रकार का च्युइंगम विकसित किया है जो हर्पीज और फ्लू वायरस के प्रसार को कम करने में मदद कर सकता है। इस गम के परीक्षण में पाया गया है कि ये चच्युइंगम इन वायरल संक्रमण के लोड को 95 फीसदी तक कम कर सकता है।*

### शोधकर्ताओं का दावा, होगा असर

आप इस च्युइंगम को चबाएंगे तो इससे लगातार एंटीवायरल प्रोटीन रिलीज होता रहेगा, जो वायरस को शरीर में बढ़ने से पहले ही बेअसर कर देगा। प्रयोगशाला में दो ग्राम की एक च्युइंगम को वायरल संक्रमण के जोखिमों को कम करने में 95 प्रतिशत तक कारगर पाया गया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि यह मानव उपयोग के लिए बिल्कुल सुरक्षित है। प्रोफेसर हेनरी डैनियल ने कहा, इसके परिणाम आशाजनक हैं।

## वरूण सागर पर बनेगा घाट, लगेगी वरूण देव की मूर्ति- श्री देवनानी, विधानसभा अध्यक्ष ने दिए अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देश, विभिन्न विकास कार्यों पर हुई चर्चा, बजट घोषणाओं पर शीघ्र अमल शुरू करे एडीए

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त सुनित्या के. एवं अन्य अधिकारियों को शहर के विभिन्न विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एडीए से संबंधित बजट घोषणाओं पर शीघ्र कार्य शुरू करे। उन्होंने वरुण देव की मूर्ति एवं घाट निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू करने, शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए बजट में घोषित सेक्टर रोड का कार्य जल्द शुरू करने, चामुंडा माता मंदिर पर श्रद्धालुओं को रात्रि मे रोशनी के लिए अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाने, नाले निर्माण आदि कार्यों में तेजी लाने को निर्देशित किया। देवनानी ने जैन समाज के हथकरघा केंद्र के लिए भूमि अवाप्ति के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही लोहागल से जनाना अस्पताल तक सड़क को चौड़ा कर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता होने पर थर्ड पार्टी निरीक्षण करवाया जाएगा।

### पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए दिए निर्देश

देवनानी ने शहर की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदिता राणा को भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने तारागढ़ क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 24 घंटे आरएसी की तैनाती करने के निर्देश दिए। साथ ही दरगाह थाना पुलिस द्वारा इस क्षेत्र में नियमित गश्त एवं निगरानी की जाए। तारागढ़ पर स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस का सदुपयोग किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने बाहरी व्यक्तियों पर सख्त निगरानी रखने एवं संदिग्ध लोगों और घुसपैठियों के खिलाफ लगातार धरपकड़ अभियान चलाने को निर्देशित किया। नागफनी तिराहे पर यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अजमेर को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस सतर्क रहे त?था शहर में सुरक्षा को लेकर चौकसी बढ़ाई जाने को निर्देशित किया।

## रामनवमी पर राज्यपाल ने प्राचीन ठिकाना मंदिर श्रीरामचंद्रजी पहुंचकर महा आरती में भाग लिया, रामनवमी की सभी को शुभकामनाएं दी, विधिवत पूजा कर सबके मंगल की कामना की



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रामनवमी के पावन अवसर पर चांदपोल स्थित प्राचीन ठिकाना मंदिर श्रीरामचंद्रजी पहुंच कर भगवान श्री राम की विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने मर्यादा पुरूषोतम श्री राम से सभी के मंगल की कामना की। बागडे ने प्राचीन ठिकाना मंदिर में राम दरबार की महा आरती की। इस दौरान उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की अर्चना करते हुए राष्ट्र और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभी को ÷राम नवमी÷ की शुभकामनाएं देते हुए वहां उपस्थित भक्तजनों का अपनी ओर से अभिनंदन भी किया।

## नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री का एक दिवसीय दौरा,विकास कार्यों की दी सौगात, भामाशाह प्रभुदयाल जांगिड़ के सहयोग से बनेगा स्वास्थ्य केन्द्र का भवन,करीब 50 लाख रूपये की लागत से बनेगा भवन, डीजे के साथ पुष्प वर्षा कर एवं साफा माला पहनाकर किया मंत्री का अभिनंदन




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सीकर जिले के श्रीमाधोपुर क्षेत्र में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रविवार को एक दिवसीय दौरा कर कई विकास कार्यों की सौगात दी। राज्य मंत्री खर्रा ने फुटाला पंचायत के खुर्रमपुरा गांव में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की आधारशिला रखी। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात मंत्री ने अनावरण पट्टिका का उद्घाटन कर फीता काटते हुए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन भामाशाह प्रभुदयाल जांगिड़ के सहयोग से करीब 50 लाख रूपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। फिलहाल सरकारी स्कूल के एक कमरे में संचालित हो रहा यह केन्द्र जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन में शिफ्ट होगा। भवन के लिए जमीन विभाग के पास है तथा भवन निर्माण में लगने वाली सम्पूर्ण राशि भामाशाह जांगिड़ द्वारा वहन की जायेगी। राज्य मंत्री खर्रा ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और यह भवन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्य मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने बताया कि भविष्य में सरकार श्रीमाधोपुर क्षेत्र में कई और विकास योजनाएं लागू करने जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से सड़क एवं आधारभूत संरचना का विकास के तहत ग्रामीण सड़कों को पक्का किया जाएगा, साथ ही मुख्य बाजार क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण और चौड़ाईकरण भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सुविधाओं का विस्तार,स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अपग्रेड किया जाएगा तथा टेलीमेडिसिन सेवाएँ शुरू की जाएंगी और एम्बुलेंस सेवाओं की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने पेयजल और स्वच्छता पर बोलते हुए कहा कि हर घर नल योजना को तेजी से लागू किया जा रहा है,जल्द ही क्षेत्र को यमुना नहर का पानी सिंचाई एवं पेयजल के लिए मिलेगा। उन्होंने कहा कि कृषि और किसान कल्याण के तहत किसानों के लिए नए कृषि प्रशिक्षण केन्द्र, मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं और सिंचाई योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। इन सभी योजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

इस दौरान गांववासियों ने राज्य मंत्री खर्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। डीजे की धुनों पर पुष्पवर्षा के साथ साफा और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 'हरित न्याय' पर आधारित कॉन्फ्रेंस आयोजित, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगण और उच्च न्यायालय के न्यायाधिपतिगण पिपलांत्री में पर्यावरण संरक्षण के कार्य देख हुए अभिभूत

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** शनिवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में राजसमंद के ग्राम पिपलांत्री में 'वन संरक्षण एवं बालिका संरक्षण - विधिक चेतना शिविर' तथा नाथद्वारा में 'हरित न्याय - हरित एवं स्वच्छ वातावरण, सतत विकास के लिए विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका' विषयक कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति श्री संदीप मेहता, भारत सरकार के केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री हरिओम अत्रि आदि की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में राजस्थान उच्च न्यायालय के अन्य सभी न्यायाधिपतिगण तथा राज्य के समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवगण उपस्थित रहे। यह पहला अवसर था जब इतनी बड़ी संख्या में न्यायमूर्ति एवं न्यायाधिपति एक साथ किसी जिले में उपस्थित हुए। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचा, बल्कि भविष्य के लिए एक मार्ग भी प्रशस्त हुआ। यहाँ पहुँचते ही सभी न्यायाधीशों द्वारा पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात मंच पर जस्टिस बी. आर. गवई ने संत तुकाराम की पंक्तियाँ सुनाते हुए पेड़-पौधों को अपनों की तरह संरक्षित रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पक्षियों की आवाज़ से अधिक सुखद संगीत कोई नहीं है। श्री गवई ने पिपलांत्री आने को एक तीर्थ यात्रा पर आने जैसा बताया और कहा कि देश के पिछड़े इलाकों में रहने वाले व्यक्ति को उतना ही अधिकार है, जितना नई दिल्ली जैसे बड़े शहरों में रहने वाले को। गवई ने तेलंगाना (हैदराबाद) में हाल ही में 400 में से 100 एकड़ जंगल की कटाई के प्रकरण में न्यायपालिका द्वारा हस्तक्षेप और उसके प्रभाव की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि लालच हमें कहाँ तक ले जाएगा, यदि पेड़, नदियाँ, तालाब नष्ट हो गए तो मनुष्य भी नहीं बच पाएगा। उन्होंने श्री श्याम सुंदर पालीवाल को न्यायपालिका की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि यहाँ से बेटी बचाओ के साथ-साथ पर्यावरण बचाओ का संदेश देशभर में गया है। नालसा भी इस दिशा में कटिबद्ध है, जिसके तहत देश के कोने-कोने में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है - चाहे वह मणिपुर हो या झारखंड। समारोह में सर्वोच न्यायालय के जस्टिस श्री संदीप मेहता ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजा गया संदेश पढ़कर सुनाया और कहा कि यह पिपलांत्री के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। श्री मेहता ने कहा कि आज वे भावविभोर हैं कि पिपलांत्री में जो पावन कार्य हुए, उन्हें उस महान शख्सियत ने पहचाना जिसे आज पूरी दुनिया सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि हम अब विकासशील से विकसित देश की ओर अग्रसर हैं और पिपलांत्री के लिए मंगलकामना प्राप्त होना गर्व का विषय है। केन्द्रीय विधि एवं न्याय राय मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल ने कबीरदास के भजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पानी, तालाब, पर्वत को कबीरदासजी ने मानव के समान माना है। उन्होंने कहा कि जब श्री पालीवाल के घर त्रासदी हुई और उनकी पुत्री का स्वर्गवास हुआ, तब उन्होंने जीवन में हार नहीं होनी और बेटी एवं पर्यावरण बचाने की दिशा में एक कर्मयोगी के रूप में इस पूरे क्षेत्र को उसकी स्मृति में हरा-भरा बना दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का संदेश यहाँ पहले से ही क्रियान्वित हो रहा है। इस समारोह में अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, श्रमिकों के बचों को निर्माण श्रमिक कौशल विकास योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति पत्र, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के कार्ड आदि वितरित किए गए।

### नाथद्वारा में हुआ 'ग्रीन जस्टिस' पर मंथन

नाथद्वारा में आयोजित हरित न्याय - हरित एवं स्वछ वातावरण, सतत विकास के लिए विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका विषयक कॉन्फ्रेंस में न्यायमूर्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री जस्टिस गवई ने विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अपने कई निर्णयों का उल्लेख किया। उन्होंने महिला शिक्षा के संदर्भ में श्रीमती सावित्रीबाई फुले एवं श्री योतिबा फुले के कार्यों का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# नालों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं, होगी सख्त कार्यवाही- देवनानी

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया 1.25 किमी लंबे नाले का शिलान्यास, अजमेर उत्तर में बनेंगे 40 करोड़ की लागत से 7 नाले, समाप्त होगी ड्रेनेज की समस्या

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर में बारिश के दिनों में जलभराव एवं ड्रेनेज की समस्या को समाप्त करने के लिए 40 करोड़ रूपए की लागत से नाले बनेंगे। उन्होंने कहा कि नालों पर किसी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ?सा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को सीआर बिल्डिंग चौरसियावास रोड से वैशाली नगर तक सवा किलोमीटर लम्बे नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह नाला 4 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा। यह नाला अभियंता नगर, गांधीनगर, अरावली नगर, गौरी नगर, चौधरी कॉलोनी से होकर प्रेस क्लब के सामने से होते हुए गुजरेगा। देवनानी ने कहा कि मानसून के दौरान नाले उफान पर आने एवं सड़कों पर जल भराव की समस्या से शहर को निजात मिलेगी। इसके लिए उन्नत ड्रेनेज सिस्टम की डीपीआर तैयार की जा रही है। साथ ही आनासागर झील के आसपास ड्रैनेज के कार्यों में लगभग 24 करोड रुपए की लागत से सात नालों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही करीब 16 करोड़ रूपए में नाले और बनेंगे। उन्होंने कहा कि नाले पर अतिक्रमण करने से जल का निकास रुक जाता है। इससे छोटे निर्माण से बड़ा नुकसान हो जाता है। इसके लिए उच्चतम न्यायालय ने भी जल निकासी के स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्णय दिया है। बांडी नदी के अतिक्रमण ध्वस्त किए गए। साथ ही सेवेन वंडर्स को भी इसी कारण से तोड़ा गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि शहर की तस्वीर अब बदल रही है। इसके लिए दोनों वार्षिक बजटों में सैकड़ों करोड़ की परियोजनाएं शहर के लिए स्वीकृत की गई है। इसमें जयपुर से अजमेर प्रवेश पर 10 करोड रुपए की लागत से आकर्षक प्रवेश प्लाजा का निर्माण, रोडवेज वर्कशॉप को शहर के बाहर विस्थापित कर मल्टी मॉडल बस स्टैंड निर्माण, आईटी पार्क, आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय, खेल मैदान जिसमें एक साथ 40 हजार लोग बैठ सकेंगे जैसी अनेक परियोजनाएं जल्द धरातल पर उतरेंगे। वासुदेव देवनानी ने कहा कि सभी को लाभ मिले। इसके लिए शहर में अनेक पर्यटक स्थल विकसित किया जा रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ पर्यटकों के अंतर्मन पर शहर की अमिट छाप बने इसके लिए सबके सहयोग से स्वच्छ सुंदर एवं व्यवस्थित स्मार्ट अजमेर का निर्माण किया जाएगा। अजमेर प्रगति की राह पर तीव्र गति से चल पड़ा है। शिक्षा, चिकित्सा, मूलभूत संरचना सहित प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महापौर ब्रजलता हाडा, पार्षद दीपेंद्र लालवानी, वीरेंद्र वालिया, धर्मेंद्र सिंह, विक्रम सिंह राठौड़, रूबी जैन, रमेश चेलानी, जातवेद सोनी, दयाल राम सवासिया, राजू धावा, किशन चेलानी एवं देवेश मालू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्थान में अहम भूमिका निभा रहा है मरुधरा ग्रामीण बैंक एवं राजीविका

### शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री, मंत्री दिलावर ने आरएमजीबी के ऋण वितरण समारोह में 13 करोड़ रुपये ऋण राशि के चैक वितरित किए

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि दुरस्थ मरुस्थलीय जैसलमेर जिले में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक एवं राजीविका महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बेहतर ढंग से आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके उत्थान की दिशा में अहम् भूमिका निभा रहा है। इस विशाल ऋण वितरण समारोह के मौके पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों व ग्रामीण अंचलों से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 700 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर मिसाल कायम की। इन महिलाओं ने अपने जीविकोपार्जन व स्वावलम्बन बनने के लिए बैंक से ऋण प्राप्त किया था जिससे उन्हें स्वयं का व्यवसाय करने में मदद मिली।

कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने अपने उद्बोधन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए आरएमजीबी मरुधरा ग्रामीण बैंक की सराहना की। उन्होंने लाभार्थियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, लखपति दीदी योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायतीराज अधिनियमों के अन्तर्गत जिले की हर ग्राम पंचायत को साफ-सुथरा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समारोह में मौजूद सभी को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा संपूर्ण जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। मदन दिलावर ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचतायत को सफाई व्यवस्था के लिये प्रतिमाह राशि दिये जाने का प्रावधान कर रखा हुआ है, इसलिये सभी पंचायतों को इस राशि का उपयोग गांव में बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए करना चाहिए। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इसमें कोताही एवं शिथिलता बरतने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जानी चाहिए।

राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक एवं राजीविका द्वारा आयोजित समारोह शनिवार को जैसलमेर में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मुख्य आतिथेय में संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने जिले के 1786 महिला स्वयं सहायता समूहों की महिला लाभार्थियों को कुल 13 करोड़ रुपये से अधिक ऋण राशि के चैक वितरित किए।ऋण वितरण समारोह में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रीम?ती रश्मि रानी, आरएमजीबी के महाप्रबंधक धीरेन्द्र जीनगर, समाजसेवी दलपतराम हिंगड़ा, जुगल व्यास, सवाईसिंह गोगली, कंवराजसिंह चौहान,विरेन्द्र सिंह हमीरा,सुशील व्यास,मनोहरसिंह अड़बाला,बलवंत सिंह भाटी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चैत्र नवरात्र की नवमी पर मां दुर्गा की आराधना की -कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन ग्रहण करवाया

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को चैत्र नवरात्र की नवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर सपरिवार मां दुर्गा का पूजन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास परिसर स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और हवन में पूर्णाहुति देकर देवी मां की आराधना की। शर्मा ने देवी स्वरूपा कन्याओं का विधिवत पूजन किया और उन्हें भोजन ग्रहण करवाया। इस अवसर पर उन्होंने मां जगदम्बा से समस्त प्रदेशवासियों का जीवन सुख, समृद्धि से परिपूर्ण होने तथा राजस्थान के उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने की प्रार्थना की।

### संसदीय कार्य मंत्री श्री पटेल ने शिकारपुरा धाम में श्री राजेश्वर भगवान मंदिर में की पूजा-अर्चना, श्री राजेश्वर भगवान के 143 वें प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर हुआ आयोजित

## रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिए अनमोल– संसदीय कार्य मंत्री




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर जिले के शिकारपुरा धाम में राजेश्वर भगवान के 143 वें प्राकट्य उत्सव के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने राजेश्वर भगवान की पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। कार्यक्रम में शिकारपुरा धाम के महंत दयाराम महाराज का पावन सानिध्य श्रद्धालुओं को मिला। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि राम नवमी एवं राजेश्वर भगवान का प्राकट्य उत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और हमारे सनातन मूल्यों का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा भगवान राम न केवल धर्म और मर्यादा के प्रतीक हैं, बल्कि वे समाज को सत्य, करुणा और धर्मपरायणता की प्रेरणा भी देते हैं। पटेल ने कहा कि रक्तदान महादान है और रक्तदान करने वाला व्यक्ति महादानी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर के माध्यम से युवाओं ने समाज को सकारात्मक संदेश दिया है कि रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिए अनमोल है। रक्तदान न केवल नया जीवन देता है बल्कि सामाजिक संबंधों में मधुरता आती है। उन्होंने कहा आपका रक्त किसी की शिराओं में जिंदगी बनकर दौड़ेगा और हम सभी अधिकाधिक रक्तदान कर लाखों लोगों के जीवन को बचा सकते है। कार्यक्रम में शिकारपुरा सरपंच ओमप्रकाश, राजाराम जागृति मंच प्रदेशाध्यक्ष एवं सरपंच भरत पटेल,सवाराम आहोर, मानाराम पटेल, प्रो खरताराम पटेल, पुखराज पटेल, शिकारपुरा ट्रस्ट के सचिव हेमाराम सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जयपुर में हवा में उड़ते नजर आए हनुमानजी

## अजमेर में बीच सड़क दिखाई तलवारबाजी; पाली में शोभायात्रा में दिखी लव जिहाद की झांकी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में रामनवमी के मौके पर मंदिरों में भव्य आयोजन किए गए। प्रदेश भर के मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई। प्रदेश के कई शहरों में शोभायात्राएं निकाली गई। जयपुर की शोभायात्रा में हनुमान जी के संजीवनी बूटी लाने के प्रसंग को लेकर झांकी सजाई गई। इसमें हनुमानजी हवा में उड़ते नजर आए।



अजमेर में कलाकारों ने बीच सड़क पर तलवारबाजी दिखाई। झुंझुनूं में रामनवमी के जुलूस में महिलाओं ने डांस किया। मेहंदीपुर बालाजी में हनुमानजी को अलग-अलग फ्लेवर के केक का भोग लगाया गया। टोंक में कड़ी सुरक्षा के बीच शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की भी तैनाती की गई थी।

### शोभायात्रा में हाथी-घोड़े शामिल

जयपुर में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सूरजपोल अनाज मंडी से शाम 4 बजे शुरू हुई यह यात्रा चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना श्रीरामचंद्रजी मंदिर तक पहुंची। मंदिर को अलौकिक सजावट से संवारा गया।

शोभायात्रा में हाथी, घोड़े और बग्गी शामिल हुए। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शोभायात्रा में शामिल हुई। इससे पहले सुबह 11 बजे ठाकुरजी महाराज का पंचामृत अभिषेक किया गया। दोपहर बाद राजभोग आरती हुई।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaiputak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।